CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

१०५

ॐ

अनुभवप्रकाश।

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri
२८५
व
२२८

T

ॐ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कोटीसु बण मरीस
भगवान औसधी
सुरनाम भज गजात

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

३४५

ॐ

अनुभवप्रकाश ।

जीवोद्धारनिमित्त, योत्रपुरमध्यधृतस्यात्मप्रादुर्भाव
श्रीमहायोगेश्वरः श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य
श्री १०८ श्रीवनानाथजी महाराजविरचित ।

जिसको
श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य आत्मनिष्ठ
गुणरत्नसिंधु उक्त महाराजके शिष्यवरिष्ठ
श्रीनवलनाथजी महाराजके शिष्य
उत्तमनाथजीने स्वरचित कुछ
शब्दोंको सम्मेलन करके द्वितीया-
वृत्ति संशोधन किया ।

जिसको
तत्त्वजिज्ञासु जनोंके उपकारार्थ श्रीमहाराजके
शिष्योंने अपने व्ययसे
बंबई
"श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम् यन्त्रालयमें
छपाकर प्रकाशित किया ।

संवत १९८४, शके १८४९.

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्री १०८ ईश्वर मठ
पुस्तकालय,
भवन, अस्सी, काशी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यह पुस्तक खेमराज श्रीकृष्णदासने बम्बई खेतवाडी ७ वीं गली खम्बाटा लेन निज श्रीवेंकटेश्वर" स्टीम् प्रेसमें छापी और श्रीनवलनाथजी महाराजके शिष्य श्रीउत्तमनाथजीने बम्बईमें प्रकाशित की.

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्रीवनानाथजी योगेश्वर.

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri



श्रीनवलनाथजी योगेश्वर. उत्तमनाथजी.

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथ अनुभवप्रकाशके राग आदिकोंकी अनुक्रमणिका ।

पृष्ठअङ्क.	रागआदि.	पदअङ्क.	पृष्ठअङ्क.	रागआदि.	पदअङ्क.
१	राग आसावरी	१।२	२६	राग	४५।४६
२	राग सारंग	३	२७	राग	४७
३	राग सारंग	४	२८	राग	४८।४९
,,	राग	५	२९	राग	५०।५१
४	राग मंगल	६-१२	३०	राग सोरठ	५२
७	राग सोरठ	१३	३०	राग सोरठ	५३।५४
८	राग भ्रुवास	१४-२१	३२	राग वसन्त	५५-५९
१२	राग	२२-२५	३४	धमाल	६०-६३
१४	राग छुटकर-वाणी	२६।२७	३६	रागकैरो	६४-६७
१६	राग	२८।२९	३८	राग	६८-७६
१८	राग	३०	४२	राग आसावरी	७७-९१
१८	राग आसावरी	३१	५०	पदवेदान्त राग आसा	९२-१०१
१९	राग	३२	५५	राग आ०	१०२-१०६
,,	राग	३३।३४	५८	राग कानड़ा	१०७-११५
२०	राग	३५	६३	राग आसावरी	११६-११७
२१	राग	३६-४१	६४	राग	११८
२४	राग	४२-४४			

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(२) अनुभवप्रकाशके रागआदिकोंकी अनुक्रमणिक

पृष्ठअङ्क.	रागआदि.	पदअङ्क.
६९	रागगूजरी	११९-१२७
७०	राग रेखता	१२८-१३१
७२	रागसोरठ	१३२-१४६
८१	राग	१४७
८१	पद-सिद्धान्तका	१४८
८२	राग	१४९-५०
८३	राग	१५१
८४	राग	१५२-१६०
८९	राग	१६१-१६४
९३	राग परभाती	१६५-१७३
१००	श्रीवनानाथजीमहाराजकापरवाणा	१-५३
१०७	वाणीश्रीनवलनाथजीरीवाणी	१-५
११०	रागपरभाती	६-७
१११	रागएली	८ से २०
१२०	नवलनाथाष्टक १२१ पृष्ठतक	
१२२।२३	श्रीनवलनाथजी महाराजकी स्तुति।	
१२४	श्रीनाथपंचकम्	
	श्रीउत्तमनाथजी महाराजकी वाणी	
१		१२५
२।६	राग	१२५
७	हेली	१२८
८।९	हेली	१२९
१०	मंगल	१३०
११।१२	रोवता	१३०

इति रागआदि अनुक्रमणिका समाप्त।

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अनुभवप्रकाशकी–पदअनुक्रमणिका।

पद.		पृष्ठभङ्क.
साधोभाईहरिजनहरकूंध्याता	...	१
परमगुरुधारीकुदरतपरकुरबांनी	...	१
पारनजातूंभानीलाल	...	२
साधहोयघटसोजेलो	...	३
नींदडलीनारिबुरी	...	३
सतगुरुसरणैआयरामगुण गायरे	...	४
भवसागरमैंधरीमानवदेहआयरे	...	५
समतासेजसमायकरमकांनैकरैं	...	५
प्यारीसजसोलैसिणगार	...	५
सुरतचलीकरसार	...	६
जड़सोईअसतकलेश	...	६
आजदिहाड़ोगरवादेवरो	...	७
जागोजुगतविचारि	...	७
तुझविनघड़ियनआवड़े	...	८
आजमोहनआवियो	...	८
परभातेउठजागप्राणी	...	९
सोईआतमदेव	...	१०

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पद.	पृष्ठअङ्क.
करणाहुवेसोकरलोसाधो ...	१०
इणपंथसंतअनेकउधरिया ...	११
सुनसायरमैंसनमुखरैणा ...	११
योसिद्धांतसभीकेऊपर ...	१२
ऐसामेरेसतगुरुखेलरचाया ...	१२
धिनगुरुअविगतभेद वताया ...	१३
ऐसामेरेसतगुरुदेशदिखाया ...	१३
साधोभाईपरमप्रकाशहमारा ...	१४
होयहुसियाररहोगुरुआगै ...	१४
ओजुगभूलपड़चोभवसागर ...	१५
इणविधहालोगुरुमुखी ...	१६
सतमारंगसतगुरुतणा ...	१७
हरदमहरबोलंदा ...	१८
साधोभाईजोगीजगसैंन्यारा ...	१८
समझोसाधोसुरतकरै ...	१९
साधोरेऐसेसेनसमांई ...	१९
साधोरेऐसेब्रह्मविचारो ...	२०
मनवांणियावीराविणजनजांणैरे ...	२०
साधोभाईओझगड़ोकदतूटै ...	२१
साधोभाईहरभजपारउतरणां ...	२२

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पद.		पृष्ठअङ्क.
साधोमेरीसुरतसाथबजीसुंलागी	...	२२
साधोसमजैसंतपियारा.	...	२३
ऐसीसैंनसमझमनमेरा	...	२३
ऐसीअजरजूरोमनमेरा	...	२४
एकहंसाअगमसूंआया	...	२४
मेराहंसासहजसमाया	...	२५
वाघरकीसाधोकहूंनिसाणी	...	२५
सिवँरोसंतसुजाण	...	२६
याविधखोजियानिरवाणी	...	२६
देखोनीदेखदेखनमैं	...	२७
साधोभाईदेऊंचोचढहेलो	...	२८
साधोभाईअजबसंदेसोलाया	...	२८
ऐसीसैनसमजकरभाखी	...	२९
ऐसीसैंनसमझमनमेरा	...	२९
जगमैंकरताकालकसाई	...	३०
साधोभाईकरतावडोअथिररे	...	३०
मनतूंवेगमकीगमकररे	...	३१
होरीखेलूंगीघरआयकै	...	३२
होरीखेलूंगीपियापायकै	...	३२
होरीखेलतभयानिहाल	...	३२

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पद.		पृष्ठअङ्क
होरीहोयरहीनगरमंझार	...	३३
होरीखेलतसंतसिरदार	...	३४
मेरीसुरतसुहागणखेलैख्याल	...	३४
मेरीसुरतसुहागणपियापास	...	३५
मोयसतगुरुपायोबडोवीर	...	३५
गुणगाइयेरेअबैगुरुकोआज	...	३६
तरवरएकदोयफललागा	...	३६
पेडपातविनतरवरठाढा	...	३७
विरछाएकपेडनहींवाकै	...	३७
अधरवृच्छज्याकीअटलओपमा	...	३८
हेलांसुनसायरमैंझूलिये	...	३८
मनममताकूंमारिये	...	३९
सनमुखसदासहेलड़ी	...	३९
चलसतगुरुजीरेदेसमें	...	४०
समझचलोसतलोकमैं	...	४०
समझोसुरतसहेलड़ी	...	४०
परमानंदपरकाशका	...	४१
सतगुरुसतसमझाविया	...	४१
नितपूरणअद्वैतमैं	...	४२
साधोभाईमैंमेरामनसमझाई	...	४२

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पद.		पृष्ठअङ्क.
अबहमवेगमकीगमजाणी	...	४३
साधोभाईऐसादेशदिवाना	...	४३
साधोभाईज्ञानघटाझुकआया	...	४४
साधोभाईअविगतभेदहमारा	...	४४
साधोभाईवेहदब्रह्मविचारा	...	४५
सधोअविगतलख्योनजाई	...	४५
साधोअकथकथीनहिंजाई	...	४६
साधोभाईसतगुरुसैंनवताई	...	४६
साधोभाईधरताअधरमैंलाया	...	४७
साधोभाईदोयाकाउनमाना	...	४७
साधोभाईअगमसनेसोलाया	...	४८
साधोभाईइच्छाजीववताया	...	४८
साधोभाईसिंवरणकरोसवाया	...	४९
साधोभाईएकअचंभोलाया	...	४९
साधोभाईकैणीपरैरवाई	...	५०
साधोभाईआतमज्ञानसोईज्ञाना	...	५०
साधोभाईआतमज्ञानवताया	...	५१
साधोभाईसतविवेकदरसाया	...	५१
साधोभाईधरूंध्यानअबकैसा	...	५२
साधोभाईआतमअचलअनासी	...	५३

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पद.	पृष्ठअङ्क.
साधोभाईसतनिश्चैकरहेरा ...	५३
साधोभाईआतमअचलअभेसा ...	५४
साधोभाईमेराज्ञानअथाया ...	५४
साधोभाईयहैनिजज्ञानहमारा ...	५५
साधोभाईकहांलगकहैबनाई ...	५५
साधोभाईऐसीअदलहलाई ...	५६
साधोभाईहैकोईहरिजनसूरा ...	५६
साधोभाईमेरीजाणअथाई ...	५७
साधोभाईधोकैमुकतीमानी ...	५७
चेतनसबपरकाशकरैरी ...	५८
कारणसूक्षमस्थूलपरैसोजी ...	५९
सतचेतनआनंदगुसांई ...	५९
अगमअगोचरअकथकहाणी ...	६०
चेतनजाणभूलदिखलावैं ...	६०
शुद्धस्वरूपकानिश्चयवोई ...	६१
यहकेवलनिश्चाहैहमारा ...	६१
मेरीजाणसदानिरदावे ...	६२
ख्यालीखेलदिखावणहारा ...	६२
साधोभाईइच्छाचारवताई ...	६३
साधोभाईगुणाअतीतअविनासी ...	६४

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पद,	पृष्ठअङ्क.
दोखपरै ख्यालीदोखपरै ...	६४
लख चेतनता रहोजी ...	६५
चेतनसबइच्छामैंखेलदेखाया ...	६५
साधोभाईज्ञानअज्ञानबताई ...	६६
साधोभाईआतमज्ञानीजोई ...	६७
साधोभाईयहनिरणासुखदाई ...	६७
साधोभाईनहींअंदरनहींबारा ...	६८
साधोभाईआतमअखैअनासी ...	६८
साधोभाईसतगुरुखेलरचाया ...	६९
साधोभाईप्रगटवचनपुकारूं ...	६९
समझगुरुज्ञानकीवातां ...	७०
ऐसीविधिजगतवागफूला ...	७०
ऐसीगुरुसैंनदीवीहमकूं ...	७१
तत्त्वमसिअर्थकोज्ञाता ...	७१
फकीरीमहासूरनकीसूर ...	७२
फकीरीरहतनिचिंतसुदेस ...	७२
फकीरीनिश्चलपदअज्ञाद ...	७३
फकीरीयहैंनिजपरमविवेक ...	७३
फकीरीब्रह्मज्ञानसोईज्ञान ...	७४
फकीरीकेवलब्रह्मविचार ...	७४

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पद.		अङ्कपृष्ठ
बंगलासोवनसिखरकेबीच	...	७५
जागैंनैमैंजोयोरेसिमरथसतसबली	...	७५
अजअविनासीरेसचिदानंदअखरै	...	७६
निजतत्त्वऐसारेपरतकजांण्या	...	७७
आपसतजाण्यारेनिकलंकनिरभोई	...	७७
सिमरथसोईरेज्यामेंकछुदूजानांई	...	७८
रवीज्यूचेतनरेस्वतैपरकासकीयां	...	७८
भूमिकासातूंरेहैंज्यूनिरणैकीयां	...	७९
जथारथजांण्यारेखोजीखोजकीयां	...	८०
वचनसतसांभलोसइरेसाधो	...	८१
वाक्ययेसिद्धांतकासईरेसाधो	...	८१
साधोभाईसबकोद्रष्टासांइ	...	८२
साधोभाइशुद्धस्वरूपअपारा	...	८२
यहकेवलसिद्धांतहमारा	...	८३
साधोभाईआतमसदाअफुरता	...	८४
साधोभाईयहैनिश्चामोमांई	...	८४
साधोभाईतुरियाअतीतरवाइ	...	८५
साधोभाईशुद्धस्वरूपसुखदाई	...	८५
साधोभाईअज्ञेयस्वरूपहमारा	...	८६
साधोभाईनिजस्वरूपनिरवाणी	...	८६

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पद.		पृष्ठअङ्क
साधोभाईआतमअचलअनइच्छा	...	८७
साधोभाईचेतनद्रष्टासोई	...	८७
ज्ञानगुरुदेवकासहीरेसाधो	...	८८
साधोभाईअपणाआपअथाया	...	८९
साधोभाईमायामैंद्वैतविलासा	...	९०
समज्यांसंतपरमपदपरस्या	...	९०
साधोभाईनितआतमनिरदाया	...	९३
मरैतापरमातमाज्यांकीकहूंरेनिसार्णा	...	९३
येनिश्चानिरवाणहैंनिरवाणी	...	९४
साधोभाईनितनिरगुणनिरभोई	...	९५
यासतगुरुजीरीसोजीरेसाधो	...	९५
इच्छातीनबताईरेसाधो	...	९६
सोसाधूनिजजगतमैंगंगोदकपाणी	...	९७
सुरतसुणबावरीतेरोबीतोजायवेवार	...	९७
पीयाजीकेदरसणकी	...	९८
साधोरेचितचेतनकरिया	...	९९

श्रीवनानाथजीका परवाणा.

ब्रह्मगुरुसंतनकीदया–इत्यादि		१०० से १०६

श्रीनवलनाथजीकी वाणी.

फकीरीदिलविचदेवदीवाण	...	१०७

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पद.	पृष्ठअङ्क.
फकीरीकोईजनकरतकरूर ...	१०७
फकीरीयहरमजनिरंतरजाण ...	१०८
फकीरीयाकरेकोईशेर ...	१०८
फकीरीत्यागवैरागदोयधार ...	१०९
दुःखातीतपुरुषकीमहिमा ...	११०
उत्तमनाथतुमउरधरो ...	११०
पीयातुजपरसणकी ...	१११
पीयाजीमेरोवसैंपरासैं ...	१११
पीयाजीकीसुरत ...	११२
बंगलादवादसांपरदेख ...	११२
नामरूपदोईविणसतदीसे ...	११३
अवधूमैंहूंअमरअनादि ...	११३
जिणशवदांमेंब्रह्मनहींपरचे ...	११४
मायाप्रकृतिहैहमारी ...	११४
स्वसमवेद ...	११५
पूरणकरियेसोई ...	११७
नाभमैंनिजारवासा ...	११८
आदिएकअविचल ...	११८
स्वसमवेद्द • सचियार ...	११९

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पद०	पृष्ठअङ्क.
नवलनाथाष्टक.	
सर्वज्ञत्वम्-इत्यादि ...	१२०
श्रीनवलनाथकी स्तुति।	
श्री श्री श्री गण-इत्यादि ...	१२२।२३
श्रीनाथपंचकम् ...	१२४
योगेश्वर श्रीउत्तमनाथजीकी वाणी	
साधोअबप्रगटयोपूरणभाग ...	१२५
भवतिरणेकोअवसरआयोरे ...	१२५
अबमनममताकूंमारोये ...	१२६
अबमनगोविन्दगुणगाओरे ...	१२६
फकिरीफिकरदेवेसबखोय ...	१२७
फकीरीकामक्रोधकूंमार ...	१२७
जगछीलरियेनेछोड़िये ...	१२८
जगकी कथा सब छोड ...	१२९
मनरे गोविंदगुण ...	१२९
सुरती करत पुकार ...	१३०
निजानन्दमें सोई जन ...	१३०
गुरुचरणोंमें रखो ...	१३१
समजरे मन मैलापन धोय ...	१३१

इति।

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ॐ

अथ
श्रीनवलनाथेश्वरस्तोत्रप्रारम्भः ।

श्रीनवलमहेशं नानावेशं चोत्तमदेशं नौमीशम् । जगत्प्रकाशं निखिलावासं भवभयदारंपारेशम् ॥ गंगा-शोभितजटाकलापं गगनविलासं गौरीशम् । श्रीनवलमहेशम्० ॥१॥ योगीन्द्रैरभिपूजितपादं तारणकारण रामेशम् । करुणाकारं मयपुरहारं धृतसुखवासं कैलासम् ॥ श्रीनवलमहेशम्० ॥२॥ जयजयकृतशेषं शिवामहेशं ध्यानधरेशं भूतेशम् । विद्याऽलयकारं विश्वविकाशं काशीवासं विश्वेशम् ॥ श्रीनवलमहेशम्० ॥३॥ परमपुनीतं निखिलगुणीतं वाराणसीशं तारेशम् । ब्रह्मकृतीतं सुरनरगीतं तारस्वरूपं परमेशम् ॥ श्रीनवलमहेशम्० ॥४॥ द्वादशशुभलिंगैः पूजितदेहमुमामहेशं योगीशम् । कुण्डलिकुण्डलभूषणभूषितसर्वशुभांगं ध्यानेशम् ॥ श्रीनवलमहेशम्० ५॥ जगद्विचित्रं करधृतडमरूमुद्रावेशं सोमेशम् । भूतगणार्चितभूतिविभूषित मंगलकारिकृतवेषम् ॥ श्रीनवलमहेशम्० ॥ ६॥ प्रणतसुखकारं कृपाविशालं त्रिशूल-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

धारं भीमेशम् ॥ भयकृद्भयनाशं धनपतिदासं मायापारं व्योमेशम् ॥ श्रीनवलमहेशम्० ॥७॥ अघटितमुद्राघटनाकारं शोभितरूपं नृतवेशम्। विबुधविशेषं विविधसुदेशं परमाकारं सोंकारम् ।श्रीनवलमहेशम्०॥८॥नेत्रत्रयधारं शोभित भालं चन्द्रविशालं स्तुतवेशम्। नानानगवासं सुकृतविलासं प्रीतिनिवासं धारेशम्॥श्रीनवलमहेशम्० ॥ ९ ॥ गणपतिषण्मुखलालितदेह चित्रविचित्र भूतेशम्। वरदवरेण्यं परमावेद्यं रूपाभेद्यं सुखवेद्यम्। श्रीनवलमहेशम्० ॥ १० ॥ यंरंलंवंवर्णविचारं वर्णसुचारं वर्णेशम्। तारणकारणमुमया सहितं लिंगविशेषं स्तुतवेशम्॥ श्रीनवलमहेशं नानावेशं चोत्तमदेशं नौमीशम् ॥११॥ स्तुतिमिमां प्रयतः पठते जनो भवति तस्य सुखं परमाद्भुतम्॥जगतिकीर्तिमनोरथवैभवं त्विह परत्र जनस्य शिवालयम् ॥ इति श्रीनवलनाथेश्वरस्तोत्रं समाप्तम् ॥ श्रीरस्तु। ॐ तत्सत्।

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ॐ

अथ शंकरप्रातःस्मरणम् ।

प्रातः स्मरामि भवभीतिहरं सुरेशं
गंगाधरं वृषभवाहनमंबिकेशम् ॥
खट्वाङ्गशूलवरदाभयहस्तमीशं
संसाररोगहरमौषधमद्वितीयम् ॥१॥
प्रातर्नमामि गिरिशं गिरिजार्द्धदेहं
सर्गस्थितिप्रलयकारणमादिदेवम् ॥
विश्वेश्वरं विजितविश्वमनोऽभिरामं
संसाररोगहरमौषधमद्वितीयम् ॥२॥
प्रातर्भजामि शिवमेकमनन्तमाद्यं
वेदांतवेद्यमखिलं पुरुषं महान्तम् ॥
नामादिभेदरहितं सुखदुःखशून्यं
संसाररोगहरमौषधमद्वितीयम् ॥ ३ ॥
श्लोकत्रयमिदं पुण्यं प्रातःकाले पठेत्तु यः ॥
स गत्वा किल कैलासं शिवेन सह मोदते ॥ ४ ॥

इति शङ्करप्रातःस्मरणम् ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

॥ श्रीः ॥

॥ श्रीगुरवेनमः ॥ श्रीसच्चिदानन्दाय नमः ॥

अथ

श्रीमहायोगीश्वर श्रीमत् श्रीवनानाथजीकृत—

अनुभवप्रकाश ।

राग आसावरी ।

साधो भाई हरिजन हरकू ध्याता । समझ्या संत परमपद पावैं वां रे निगै निरंजन आता ॥ टेर ॥
गवरीको नंद गणेश मनाऊं, सिवँरू शारद माता ॥
भूलां भोम सवाई आपै सुध बुध दो गुणदाता ॥ १ ॥
सिवर्यां संत सदा सुख पावै, निरमल नीर मैं नाता ।
पलमैं पाप कटैं कायाका, शील सज्यां घर आता ॥२॥
घरमें जुगत मुगत सब दरसैं, कर मेहर मैं जसगाता ।
निग करै निरख्यो निरगुणकूं, फल अमरापुर पाता ॥३॥
पायो सास उसाँसे सिमरत, कर सिमरण समझाता ।
वनानाथ कहै सैन सतगुरुकी, परस्यां मिटै विख्याता ॥
॥४॥१॥४॥ परम गुरु थारी कुदरतपर कुरबांनी॥आगम विरला जांनी सायब थारी कुदरतपर कुरबानी ॥ टेर ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पलमैं राव रंक कर डारै,रंक करैं सुलतांनी। तोरी गति तूहीं जांणै करता, मैं हेरत रह्यो हैरानी ॥ १ ॥ तैं गज सिंधु डूबतो तार्‍यो, चीर द्रोपदी रांनी। भारथमें भँवरीरा इंडा, राखलिया हर जांनी ॥ २ ॥ हरिचंद कँवर तारादे रांनी, ज्यां भर्‍यौ नीचघर पांनी। संकट दे संतसार करी जद, दरशण दिया हर आंनी ॥ ३ ॥ केताई संत हुवा धरणीपर, ज्यांरि विगत करे कहि वांनी ॥ बनानाथ कहै अर्ज हमारी, सुँण सायब निर्वांनी ॥ ४ ॥ २ ॥ ८ ॥

राग सारंग।

पार न जा तूं प्राणीलाल, देहि दिवांनी ज्याकूं दोस न दीजै पार न जा हो पार न जा ॥ टेर ॥ खड़ी खड़ी मैं निजर निहारूं दरद लग्यो दिन रैंण पुकारूं। ब्रहन अंदर लगरही वाव, पल पल प्यास लगी पीव तोरी ॥ १ ॥ खबर नहीं खलक मांहिं तोरी, मैरम मुराद लगी दिल मोरी। दरस विना दासी दुख पाय, रातदिनां मैं रहुं रुतवंती ॥ २ ॥ मेहर भई मोहन घर आयो,सो पीतम नैणां दरसायो। रू हृदे वीच रचियो आय, सदकै जाऊं सुरतपर सैणां ॥ ३ ॥ सदा सुहागण श्याम सुहायो, रहता रांम अमर वर पायो ॥ पांच सखी मिल सारंग गाय, सुरता रहैं सदा सुखवा-

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सण ॥ ४ ॥ यह विरहनके भेद बताये, जीयाराम गुरुके गुण गाये ॥ वनानाथ ओलख्यो सतभाव, संत अनेक बुहा इण सैंने ॥ ५ ॥ ३ ॥ १३ ॥

राग सारंग।

साध होय घट सोजेलो थांनु आवा गिवण न होय समझ हालो मांजां भाइयों ॥ टेर ॥ सत धातरो सूवटो, बोलत अमृत बोल । भिन भिन कर समझाविया, गुरु दीयो नांम अमोल ॥ १ ॥ केइक करणी कररया, केइक रयाहै अडोल । केइ कमाई कारणैं,भटक गुमावैं तोल ॥ २ ॥ रत होय चालो रामसूं, तजो जगतरो नेह । इण पंथ परतक पावसो आतम अचल अदेह ॥ ३ ॥ आज्ञाकारी आगला रहैं, गुरुचरणाँरी ओट । वनानाथ कहैं भाइयां, तुमैं बांधो, प्रेमहंदी पोट ॥ ४ ॥ ४ ॥ १७ ॥

राग।

नींदड़ली नारि बुरी ,थैंतो लियो सकल जग खाय, नींदडली नारि बुरी ॥ टेर ॥ निंदरा आई शहरमैं, घर घर बूझे जाय । तीन लोकमें आई पाड़कें, साधू देवोंनी वताय ॥ १ ॥ साधू आया वारणैं, क्युं कूकै नार कुनार । मैं अवधूता रहूं गगनमें,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तोय देऊं ए शब्दकी मार ॥ २ ॥ हमकूं तुम निबली करजाणी, मेरी जात कुजात । तीन लोकमें मेरी साख पूछलौ ,मन जमरांणो मेरी साथ ॥ ३ ॥ सिमरण सेल शब्दका हाथे, बैठा आसण धार । आगी मत आ नारी कुलखणी, आडी मेरे गुरूकी कार॥ ४ ॥

बडे बडे ऋषि मुंनी वनमें, जासूं खेली राड । भजन तुमारा कोण चिकारी, लेऊं ज्ञांन कुंइ पाड ॥ ५ ॥ महा करमण तुं कारन मांनै, निसडी बडी निराट । वनानाथ कहै गोरख स्वामी, निश्चै दिवी तोंये डाट ॥ ६ ॥ ५ ॥ २३ ॥

राग मंगल ।

सतगुरु शरणै आय, रामगुण गाय रे । अवसर वीतो जाय पीछै, पिछताय रे ॥ १ ॥ झूल्यौ नरक दुवार, मास नव बीच रे । कीना कवल करार, विसरगयो नीच रे ॥ २ ॥ लागो लोभ अपार, माया मांयँ मद छक्यौ । बंध्यो बंधण अपार, नाम नहीं लेसक्यौ ॥३॥ मायावन अंधार,मृगजल धूपरे । भटकत फिरत गँवार मायाके रूपरे ॥ ४ ॥ मोह मुक्रके महल श्वान ज्यूँ भुँस मर्यौ । यूँ सुद्ध स्वरूप विसारि, चौरासी लख फिर्यो ॥ ५ ॥ यो जग मूढ़ अजांण, सार सुध ना करै ॥ वनानाथ विन नाम कारज कैसैं सरैं ॥ ६ ॥ ६ ॥ २९ ॥

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भवसागरमें धरी, मानव देह आय रे । हर सिमरण विन, जूंण पशूकी पाय रे ॥ १ ॥ लख चौरासी जूंण, जीव भटकत फिरैं । करम कमाई संजोग, मानव देह अवतरैं ॥ २ ॥ ओ जग झूठो जांण, सार सतसंग गिरो । तब पावो गुरुज्ञान, तुरत भवसिंधु तिरो ॥ ३ ॥ छूटत सकल संताप; ताप त्रैगुण्य मिटै । पावे मोक्ष मुकांम, रहो निरभय उठै ॥ ४ ॥ कोई वडभागी संत, सत्य मिथ्या लखैं। वनानाथ कर सार, सत्य वांणी भखैं ॥५॥ ७॥३४॥

समता सेज समाय. करम कांनैं करैं । भवसागर भरी भूल, ज्यामैं हंसा तिरैं ॥ १ ॥ ज्ञान ध्यान कर सार, भगत सांची गिरैं। रहैं गुरुमुख आधीन, जके कारज करैं ॥ २ ॥ ब्रह्म भरयो दरियाव; चूण चेतन करैं । मोती चुगत विचार, मुक्ति अवदर भरैं ॥ ३ ॥ वनानाथ ब्रह्म जांण, दुःख दारिद्र हरैं । हंस चल्या भव जीत, नहीं फेरा फिरैं ॥ ४ ॥ ८ ॥ ३८ ॥

प्यारी सजि सोलै सिणगार, शील सुध सुंदरी । चली चेतनकी चाल, वाणी मुखसुंदरी ॥ १ ॥ अजब झरोखै आय, अधर आसण किया । धरणि गगन विन धांम, परख परसी पिया ॥ २ सदा रहै पिव संग, रहता रंग रचरई । गरज रहीं गुरुज्ञान, मान मिलरही

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मई ॥ ३ ॥ अमर पिया डण देश, अर्थ करलीजिये। वनानाथ इण वांण,ब्रह्म रस पीजिये ॥ ४ ॥ ९ ॥ ४२ ॥

सुरत चली कर सार, सिमरण साचा किया । हिरदै भया हुलास, भरम पाछा दिया ॥ १ ॥ लिव लागी दिनरात, नाम नाभीसुं लिया । अरध उरधरै वीच, प्रेम प्याला पिया ॥ २ ॥ मेर इकीसूं छेद, निरत आगे चली । इला पिंगला सोध, सुखमणसूं मिली ॥ ३ ॥ तख्त त्रिवेणी महल, चेतन चहुँदिश भया । जप्या अजपा जाप, अखण्ड गुरुकी मया ॥ ४ ॥ निरगुण निरख्यो नाथ,नाम निश्चै किया। निरत रही लिवलाय, गगन डंका दिया ॥ ५ ॥ वाजा वज्या छतीस, गगन गरजत रह्या। झिलमिल जोत अपार, पवन परचै थया ॥ ६ ॥ सुन विच सहज समाय, ब्रह्म वेगम गाइया । जीव पीव मिल एक,अमर अनुभव भइया ॥ ॥ ७ ॥ वनानाथ धन्य भाग, ऐसी हर गुरु मया । अधर सिंघासण बैठ, मेहेरमैं मंगल कया॥८॥१०॥५०॥

जड सोई असत कलेश,जाकूं त्यागै परै । सत चेतन आनंद, ताकूं संग्रह करै ॥ १ ॥ तूं तत असी असार, मायामैं लेखिये । आतम अचल अथाय, माया नहीं पेखिये ॥ २ ॥ ये नित अनित विवेक, किया निज छांणही । गीता वेद पुराण, कहे परवांणही ॥ ३ ॥

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रकृति परिवार सहित, खंडण करी। वनानाथ सुध बोध, निरमला निसपरी ॥ ४ ॥ ११ ॥ ६४ ॥

आज दिहाडो गरवा, देवरो गावां मँगलाचार॥टेर ॥ संतद्वारै चाले सखी, सज सोलै सिणगार। लघुतारा लंगर पहिरलो; धिन आजूडो दिन वार ॥ १ ॥ पांच सखी भेली हुई; मिली पचीसूं आंण। अरध उरध आसण किया, कररही पवनपिछांण ॥ २ ॥ तनकेरो दीपक करूं, वाती करूं मनसार। तेल सिंचाहूं प्रेमरो, जगियो ब्रह्मविचार ॥ ३ ॥ इडा पिंगला सोझकें; सुषमण कियों निहार। रमझम करती कांमणी, आई त्रिवेणी दवार ॥ ४ ॥ दशवेंमें दरसण भया, अनहद घुरिया निसांण। जोत झिलामिल होय रही, ये साचा सैंनांण ॥५॥ जुड़ी हथाई हर नामरी, कररह्या संत विलास। वीच विराजे गुरु आपणा, क्रोड भानु परकास ॥ ६ ॥ जीयाराम गुरु भेटिया, भागा भरम अंधार। वनानाथ चरणो रहो, नितप्रति करो दिदार ॥ ७ ॥ १२ ॥ ६१ ॥

राग सोरठ।

जागो जुगत विचारि, रहो कमलापति। औसर आयो हाथ, हमैं करलो गति ॥ टेर ॥ गरजत गगन मँझार, बिजलियां चमकती। अमृत झरत

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अपार, पिये कोई नर जती ॥ १ ॥ षट चक्ररकूं छेद, चेतन चाल्या संत सती । उलट पुलट भर पीव, निकट गंगावती ॥ २ ॥ अखण्ड जोत दिनराति, लगतहै विन वती । देख्या देहीमें दीदार, जदि हुवा तिरपती ॥ ३ ॥ रहूं चरण लिपटाय, उतारूं गुरुरी आरती । वनानाथ कहे दास, सायब मोपर छत्रपती ॥ ४ ॥ १३ ॥ ६८ ॥

राग ब्रवास चौपाई–पद ।

तुझ विन घडियन आवड़े, सतगुरु सायब सैंण । सिमरथ साचा सतगुरु अमृत आछा वैंण ॥ टेर ॥ ऊभी जोऊं वाटड़ी, कर निगै झांकत नैन । मंदिर आवो मोहणां, दासीनूँ दरसण दैंन ॥ १ ॥ दरसण विना बहु दुखी दासी, तूं सुखी राखण सैंण । विरह करकर रही विरहणी, दरदवंती कहे वैंण ॥ २ ॥ वन वन पुकारै विरहणी, कर लगन दिया रैण । आयो नहीं गुरु आपणो, अवगुण पर गुण दहण ॥ ३ ॥ वेगरज सत गुरु रहैं वेहद भावैं ऊगा भांण । वनानाथ मिल्यो मोहन, पतिवरता जांण ॥ ४ ॥ १४ ॥ ६९ ॥

आज मोहन आवियो, कर दया दासी जाण । पिलंग ढाळूं प्रेमरा, पल पल वारूं प्राण ॥ टेर ॥ अरज

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

करताँ आवियो, जिन विरद अपणो जांण। इला आवत ओलख्यो, लियो पिंगला पिछाण ॥ १ ॥ द्वादस दरसण दिया, जिन सुखमणा घर आण। आसगत कीनी आरती, ब्रह्म वधायो बखाण ॥ २ ॥ बेहद वाजा वाजियां, चित रच्यो मंगला चाव। सुरत गावै सौलवां, वर वास करकर भाव ॥ ३ ॥ अनंत लोचन आगली, जिन निरत निरमल जांण। सदा सेवै सतगुरु, परतीत ले परवांण ॥ ४ ॥ दया कर गुरु दान दिया, परमपद रीजांण ॥ वनानाथ सो सवागण, वर पायो निरवाण ॥ ५ ॥ १५ ॥ ७४ ॥

परभातै उठ जाग, प्राणी नाम ले निरवाण। रहो हाजर हरषसूं; गुरु ज्ञान देशी जांण॥ टेर ॥ मैं सवालि नामका, निज प्रेम पीया जांण। सदा सेवत सतगुरु, मैं सीस सूंप्या आंण ॥१॥ पीवतां निज पड़ी पारख, मिटी आवागौंण। आतम ओलख्यो आपमें, दसुं दिस ऊगा भांण ॥२॥ प्रकाशरूपी पीव परख्या, ज्ञान कर घमसांण। सत चेतन आतमा, जां लगै नहीं जमडांण ॥३॥ सैंन दी मेरे सतगुरु चित, मिटी च्यारूं खांण। वनानाथ भया निरभय, छोडि खैंचा ताण ॥ ४ ॥ १६ ॥ ७८ ॥

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सोई आतम देव जाको, नहीं आर न पार । यहिं हैं परवांण वायक, लखैं संत विचार ॥ टेर ॥ आतम एक कर,अनेक धरम नेम धार । जप तप तीरथ जोग जिग,जो किय करतार॥ १॥आतमके आधार किरिया, होय सब प्रकार । आप चेतन सबी परखे, अक्रिये निर-धार ॥२॥ सोइ आतम सदा केवल, माया नहीं लिगार । तोय मैं लाधे नहीं, जो बीज अरु विसतार ॥३॥ सुरती अरु सिमृती, दोऊ यही वरणै सार । वनानाथ ब्रह्म ऐसो, न कोई जीतनहार ॥ ४ ॥ १७ ॥ ८२ ॥

करणा हुवे सो करलो साधो, मानुष जन्म दुहेलो ॥ लखचौरासी भटकत भटकत, हमकै मिल्यो महेलो॥ ॥ टेर ॥ जप तप नेम वरत अरु पूजा, ओ षट दरसणको गेलो । पारब्रह्म कूं जांणत नाहीं, जुग जुग वाट वहेलो ॥ १ ॥ कोई कहै हर वसै वैकुंठां, कोई गउ लोकमें कहेलो । कोई कहैं शिव नगरीमें सायब,भोला भरम मरेलो ॥ २ ॥ अणसमझ्या हर दूर वतावैं, समझ्या साच कहेलो । सतगुरु सैन दिवी किरपा कर, हरदम हरको गेलो ॥ ३ ॥ जीयाराम मिल्या गुरु पूरा, अजपा जाप जपूंलो । कहैं वनानाथ सुणो भाई साधो, सत्तगुरूको हेलो ॥ ४ ॥ १८ ॥ ८६ ॥

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

इण पंथ संत अनेक उधरिया, सतगुरु साख कहेलो। सिंवरचा सो संत पार पहुँचा, विन सिंवरचा डूबेलो ॥ टेर ॥ हरदम तार लगी घटभीतर, नाभिसुं निगै करेलो। उलटा भांनु पिछम जाय ऊगा, झिलमिल जोत जगेलो ॥ १ ॥ त्रिवेणी जाय हंस बिराजै, हीरा चूंण चुगेलो। मिटगई त्रास परम सुख पायो, जुग जुग राज्य करेलो ॥ २ ॥ उपज्या आनंद गगन जाय गरज्या, अनहदनाद घुरेलो। पीवत प्रेम विसरगई काया, जीव पीव मिल रेलो ॥ ३ ॥जीयाराम मिल्या गुरु पूरा, सुन विच वास वसूंलो। कहैं वनानाथ सुणो भाई साधो, जगसुं रैत हुं अकेलो ॥ ४ ॥ १९ ॥९०॥

सुन सायरमैं सनमुख रैणा, सतगुरु पार करेलो। जड़ चेतनसूं परे परम गुरु, पद पूरण परसैलो ॥ टेर ॥ नहीं कोई अजपा जाप सिमरणा, किरिया करम थकेलो। दिष्ट न मुष्ट द्रिश मैं नांही, केवल गुरुगम गेलो ॥१॥ निरगुण नाम निगे विन नेड़ो, विन नैणां निरखैलो। दीसतरूप अरूप अपरबल, अकिरिय होय रहैलो ॥ २ ॥ सरबग श्याम सकल ब्रह्म व्यापक, नहीं कोइ संग अकेलो। निरभै पदरो कियो निवेड़ो, अमरालोक वरैलो ॥ ३ ॥ जीयाराम गुरु अगम अगोचर, क्या करणी कर केलो। कहै वनानाथ सुणों भाई साधो, अगम निगम दे हेलो ॥ ४ ॥ २० ॥ ९४ ॥

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यो सिद्धांत सभीके ऊपर, अपणी आप लखैलो ।
परापेर बैखरी बारैं, सब परकाश करैलो ॥ टेर ॥
सुंन न धुंन धरण नहीं गगना, नहीं गुरू नहीं चेलो ।
चवदे जल थल ब्रह्मंड नाहीं; आतम अचल अकेलो॥ १॥
आप अखेतां सबखे माया, ज्ञाता ज्ञान न गैलो । गुपतसूं
गुपत प्रगटसूं प्रगट, नहीं न्यारो नहीं भेलो ॥२॥ नहीं
कोई चिंत अचिंत न चेष्टा, नहीं कोई गेह तजैलो। धर-
माधरम अधरम न वामैं, कहण अकहण न हेलो ॥ ३ ॥
नहिं होणे मिटनेमैं आया; बोधस्वरूप रहेलो । वनानाथ
सोइ है द्रष्टा, नहीं ऊलो नहीं पेलो ॥ ४ ॥२३॥९८॥

राग ।

ऐसा मेरे सतगुरु खेल रचाया, खबर करो
खिलका मांहि ख्याली आप अलोगत थाया ॥ टेर ॥
कर चौकस चेतनकी चौकी, अरध ऊरध सुल-
झाया। उलटा पवन कँवल मांहिं पलट्या, बंकनाल रस
लाया ॥ १ ॥ इला पिंगला होय कर भेली, सुखमण
सहज मिलाया । लगरही तार त्रिवेणीरे छाजैं, अजब
झरोखै आया ॥२॥ वोरंग राग हुई रंग महलां, गगनमं-
डल गिरणाया । सुरत निरत दोऊं अरधंग्या, मिलकर
मंगल गाया ॥ ३ ॥ मिलरह्या जीव शीवकै मांही,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

एकरूप निज थाया । कहै वनानाथ सुणो भाई साधो, लगै न जमका दाया ॥ ४ ॥ २२ ॥ १०२ ॥

धिन गुरु अविगत भेद बताया, तार न तूटै कबहुं न छूटै मेहर करी जब पाया॥टेर॥ तन मन तार लगी त्रिवेणी, इला पिंगला धाया । पांचूं उलट मिली आतमसूं प्रेम पियाला पाया ॥ १ ॥ सुरता नारी सनमुख प्यारी, ज्ञान घटा झुक आया । परस्या पीव प्रेम सुन्न वासी, अनहद राग सुणाया ॥ २ ॥ अणभै वांणी राग अगमकी,जांणी आदि अनादी पाया। पूरणभाग मिल्यो अविनाशी, भरम करम नहीं काया ॥ ३ ॥ जीयाराम मिल्या गुरु पूरा,जम जालम समझाया ।कहै वनानाथ सुंणो भाइ साधो,अमरपट्टा ले आया॥४॥२३॥१०६॥

ऐसा मेरे सतगुरु देश दिखाया, करी कृपा सतगुरु निज स्वामी,सिमरथ साच लखाया ॥टेर॥ हरकुं हटक अटक जम जालम, गुण इंद्रिनकूं ढाया । नव तत परै निरखिया निरगुण, आप स्वरूपी थाया ॥ १ ॥ दरस्या देव प्रेमसूं प्रीतम,अवरण अजर अजाया । समता सहज रमजमांहिं रहता, नहीं कोई गया न आया ॥२॥ कैसे कथूं अकथ भइ मालम, वचन परे थिरथाया। दिष्ट न मुष्ट लघु दीरघ नाहीं, जहां कोई धूप न छाया ॥ ३ ॥ जीयाराम मिल्या गुरु पूरा, अधर दलीचै

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आया । कहै वनानाथ सुणो भइ साधो, अबकै मुजरा पाया ॥ ४ ॥ २४ ॥ ११० ॥

साधो भाई परमप्रकाश हमारा, परतकहीं परवांण सिद्धान्त, आपही जांणन हारा ॥ टेर ॥ आप अपार वार नहीं पारा, सुतै दिखावत माया; ता मायामैं भेद तिहुंगुण, चौथा रहै निरदाया ॥ १ ॥ वांणी चार विचार परख के, अनुभव उकत वताऊं । जाग्रत सुपन सुखोपति तुरिया; भिन भिन कहि दरसाऊं ॥ २ ॥ विसवे जीव अवस्था जाग्रत; देहस्थूल अभिमाना । इंद्र्यां विसे बैखरी वांणी, रहै नैंण अस्थाना ॥ ३ ॥ तेजस जीव अरु सुपन अवस्था; लिंग शरीर कवाया । संकलप भोग मध्यमा वाणी, कंठस्थान रवाया ॥ ४ ॥ प्राज्ञ जीव अवस्था सुषुपति, कारणदेह अनादी । भोगसमान पश्यंती वांणी, हृदयस्थान समाधी ॥ ५ ॥ साखी स्वरूप अवस्था तुरिया देह अदेह न कोई । वांणी परा भोग परमानंद, स्थान मूरधनि सोई ॥ ६ ॥ सुद्धस्वरूप अवस्था बारे, ज्यां च्यारांकी हांणी । वनानाथ सोइ निरबंधण, अपणी आप पीछांणी ॥ ७ ॥ २५ ॥ ११७ ॥

छुटकरवांणी राग ।

होय हुसियार रहो गुरु आगे, वैहोनी समझ रे सागैं । वीरा होय हुसियार, रहो गुरु आगैं ॥ टेर ॥ ओ संसार

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कांटां मांहिली वाड़ी, फल शुभाशुभ लीजै । फूल देख फूला मत रहिजै, घांम पड्यां कुमलीजै ॥ १ ॥ केइ नर हुवा केइ नर होसी, ज्यांरी जुगत करेनै जोईजैं । चूकां थकां पड़ौ चौरासी; भवजलधार बहीजैं ॥ २ ॥ तुरत करो तिरणरी त्यारी, ओ जम ऊभो शरसारे । आयो दाव मारै मनमांई, पालपहूँतानै पाड़ै ॥ ३ ॥ ससतर बांध शीलरा साचा, बुद्धि बगतर पैरीजै । सिमरण सेल दिया गुरुसायब, जमसूं जुद्ध करीजै ॥ ॥४॥ साचा संत स्वरगमैं मालैं, पांच पचीसौ पालैं । आदर घणौ अलखजीरी दरगा, जमरो जोरन चालैं ॥ ॥ ५ ॥ जीयाराम मिल्या गुरु पूरा, कर किरपा दी सो जी । वनानाथ जमसूं जुध जीता; पाया पद निरभो-जी ॥ ६ ॥ २६ ॥ १२३ ॥

ओ जग भूल पड़्यो भवसागर, क्यूंकर दे गुरुज्ञाना । चेतत नांहि चौरासी मांही, मोह माया रस भीनां॥टेर॥ कोई कहै मैं जप तप साजौ, कोई गहे मुख मूना । कोई कहै तीरथ कर आऊं, ऐसे भटकत सूंना ॥ १ ॥ कलस पूर कवली बरतावैं, मुखसूं कहैं पंथ झीणा । अगमपंथकी खबर न जाकूं, पंथवादी मतहीणा ॥ २ ॥ कहत ढूँढिया सबी पापिया, जीवदया नहीं पालैं। अपणी दया जैन मततांई; सरवग दया न भालैं ॥३॥ कहे दर-

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वेश दीन घर दुर्लभ,सब कलमांमैं आवैं । पांच निवाज तीस कर रोजा, ज्ञान विना दुख पावैं ॥४॥ विप्र एक ब्रह्माकौं धारैं, और धर्म कहैं ऊला । गरज पड़्यां कर गौमुखीमैं; होमकरकर भूला ॥५॥ जंगम कहै जगत् सब मेरी, सब मेरै आधारा । सगलोई भार सहै सिर ऊपर, इण अभिमानैं हारा ॥ ६ ॥ जोगी कहैं हम आदि जुगादि, हम विन दूजा नांही । आदि अंतकौं चीनत नांहीं, यूं भवसागर मांहीं ॥७॥ कहैं सिन्यासी हम सब ऊपर, है सिन्यास करारा । करमांरो नास करणौ नहीं जांणैं, फिर फिर करत व्यौहारा ॥ ८ ॥ षटमत मांहि वाद है बहु विध, अपणी अपणी खांचैं । वनानाथ आपकी निश्च,ज्यां षटमत नहीं पांच ॥९॥२७॥१३२॥

राग ।

इणविध हालो गुरुमुखी, सुण सुण करो विचार । गुरुविन गैलो ना मिलै ॥ टेर ॥ पाल पुरांणी पगनवा, चल्यो वटाऊ वे वाट । कोऊ वटाऊनै घरकै, लावे समझरी वाट ॥ १ ॥ जावतो मारगियो जांणदो, वलतांरो करो निहाल । वलतां साधूड़ांरी हाटड़ी,गुरुगम विणज सँभाल ॥ २ ॥ वे हर हीरारा पारखु, जासूं समजेन करो वोपार, विन समज्यां नहीं आपड़ो, थांरी पूंजी जावोला हार ॥ ३ ॥ पोटां बांधी प्रेमरी, माथै वुसतां भरी अपार । सुगरा सौदो कर चल्या, निगुरा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

फिरै असार ॥ ४ ॥ इला पिंगला सुषमना, त्रिवेणीरे निज पार। बरसे फुंवारा प्रेमरा, झिलमिल जोत दीदार ॥ ५ ॥ पारब्रह्म पद परसिया, दसमैं किया मुकाम। अनंत कोटि संत ताँ वसैं, सो निज निश्चल धाम॥ ६॥ षट्मत वेद पुरांणमैं, ये परगट निरधार। जीयारा म गुरुकी दया, वनानाथ कही सार ॥ ७॥ २८॥१३९॥

सतमारग सतगुरुतणा, चालै संत सुजांण, निगुरा नर पाछा चलै ॥ टेर ॥ चालो रे गुरु हाटड़ी, लेसां वस्तु विचार। जग व्योपारी मैं जांणिया, ज्यांरे वुसतां अनंत अपार ॥ १ ॥ वेपारी निज प्रेमरा, ज्यांरे गिरथां भरया भंडार। सतसंगत सुगरा ग्रहैं निगुरा गया विडार ॥ २ ॥ गुरुमुख गरवा चालणा, समझ सुघड़रो काम विन समझ्यां फल ना मिलै, पचपच मरे रे अजाण ॥ ३ ॥ गूणां भरी गियाँन री, अधिक प्रेमरी खाण। मतवालो मन लादियो, नर चाल्यो बहु जाण ॥ ४ ॥ विषम घाट वंक नालरा, आगे मांगे दांणीड़ो दाम। पट्टा लिखाया गुरुज्ञानरा, दांणी ऊभो करै रे सिलाम ॥ ५ ॥ गंगा जमुना सरस्वती, ताँ मिल मिटया संताप। हंस अमरफल चाखिया, जप्या अजपा जाप ॥ ६ ॥ गगनमंडल जाय गरजिया, अनहद सुणी अवाज। सुरत विलुंबी स्वामसूं। सरया सबी बिध काज॥ ७ ॥ सुन्

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सायर सूभर भरया, सो हंसांकी धाम । गुरुमुख मोती चीणिया, वां पाया विसराम ॥ ८ ॥ जीयाराम गुरु भेटिया, परस्या पद निरवाण। वनानाथ निरभै भया, चित मिटगई चारूं खाण ॥ ९ ॥ २९ ॥ १४८ ॥

राग ।

हरदम हर बोलंदा, निगे करे मैं निरख्यो जोगिया । सोहूं साच कहंदा, सुंनने सायर रे मांय हो निरगुण रहंदा ॥ टेर ॥ प्रथम नाम निगै कर नाभी, रवि शशियर धवणाया । सुरत शब्द एकण घरलाया, जूना पीव जगाया ॥ १ ॥ सैंस कला सारी सारंग यूं, जोगी जोग जगाया, तीन देव वाकी करत खवासी, अजपा रहत अचाया ॥ २ ॥ गिगन गुफामैं गैबी गरज्या, गुरुवचनां वहै आया । मिलग्यो मैरम मया कर मालक, महरम मुड़दा लाया ॥ ३ ॥ जीयाराम मिल्या गुरु पूरा, मोय पूरण प्याला पाया । वनानाथ योगेश्वर बोलै, मेरा सोवन सिखर मठ छाया ॥ ४ ॥ ३० ॥ १५२ ॥

राग आसावरी ।

साधो भाई जोगी जगसैं न्यारा, ज्यांका निगै कियां निसतारा । साधो भाई जोगी जगसैं न्यारा, ॥ टेर ॥ पांच पचीस तीन वस करकै, किया कालका चारा । आसण

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मार अडग होय बैठा, मिटगया भरम अंधारा ॥१॥ दरस्या देव भेव नहीं वाके, सर्वज्ञ सकल पसारा। वाका खेल खरा कुदरतमैं, रैता सबसूं न्यारा ॥ २ ॥ वाकी महिमा कही न जावै, नित निरगुण निरधारा। इण पदवीकौं अरथ कर खोजैं, सो पद पावैं पियारा॥३॥ अविगत अखै अमर अविनासी, निरधुंधी निराकारा। वनानाथ कह मैं वांई वसत हूं, जां नहीं कालका सारा ॥ ४ ॥ ३१ ॥ १९६ ॥

राग।

समझो साधो सुरत करैं, सहजो सहज समावै, करण अकरणा वांनही आप आपेई पावै॥टेर॥चल पंछी विन पर उडयां, सीधो सुंन जावैं। वेगमपुर अस्थान है, आवागिवण न आवैं॥१॥अविनासी तांपर वसैं, रचना नहीं आवैं। ज्यांमैं सृष्टि उतपति करी, वाकौं किम कर पावैं ॥ २ ॥ दिष्ट परैं देवल सही, केवल होय जावैं। झाँई परैं सांई वसैं, वाको दरसण पावैं ॥ ३ ॥ विन पारख परलोककी, महिमा सब गावैं । वनानाथ कहैं समझलो, एड़ो दाव न आवैं ॥ ४ ॥ ३२ ॥ १९० ॥

राग।

साधो रे ऐसे सैन समांई। समज्या सोई गोतलो, गुरुसे गम आई ॥ टेर ॥ विन वार्ती दीपक जगैं,

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ज्यांरी जोत सवाई । तीन लोककी तिमरता, तामैं नहीं काई॥ १ ॥ पर विन पंछी घडूं उड्या, वैहतां खोज विलाई। उलट चल्या असमानसैं, आप अधररे वाई ॥२॥गमकर गिगन विलुंबिया, विनकर कलपाई अनड़ वसै आकासमैं, धर पावन लाई ॥ ३ ॥ सबकै परै वो पुरुष है सो दीसंता मांही । चंदा दीसै अंबु मधा, रहता गिगना यां नांहीं ॥ ४ ॥ समदृष्टी संत समझलो, सब घट एक सांई । यूं जांण्यां विन भरमना, भागे नहीं काई ॥ ५ ॥ महरम मोल अमोल है, सब संतां गाई । वनानाथ ब्रह्म प्रापति, निश्चै दरसाई ॥ ६ ॥ ३३ ॥ १६६ ॥

साधो रे ऐसे ब्रह्म विचारो। ब्रह्म पायां भ्रम ना रहै, सब घट इक सारो ॥ टेर ॥ ज्या घटमैं प्रगट भयो,सो घट दीसत न्यारो।रैता पुरष तां रचरया, ज्यां नहीं मायाको सारो ॥ १ ॥ द्वादश परिपूरण भर्यो, उरण नहीं आपो।जाप अजपा वां थक्या,भरियो माप अमापो ॥ २ ॥ विना पालकी सिंधु हैं, आ वेगमकी वाणीं । ज्यां हंसा निरभै भया, तां नहीं काल निसांणी ॥ ३ ॥ अधर सधरकी सहलमें, संतांका वासा । बन-नाथ लवलीन है,मेटी सब आसा ॥४॥ ३ ॥ १७० ॥

राग ।

मन वांणिया वीरा, विणज न जांणैरे । विणज न

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जाणेरे मन वांणियाँ॥टेर॥अरध शरीरी कुबद विराणी, ज्यांसूं हँसकर बोलैं। साय सरीसा सतगुरु मिलिया, कबहुँ न अंतर खोले ॥१॥ बैठ दुकानां दालिद विणजैं, मोल सवाया चावैं। चेतन ग्राहक मिले तोय तबही, मार सिरां पर खावे ॥ २ ॥ लेखो चोखो करे पछाड़ी, ग्राहक उठ घर जावे। दियो दाम आयो नहीं करसी, अधकी पांण चढावे ॥३॥ एक दिन तोमैं आण वणैला, जब सायब नाव चुकावे। मार पड़े पापांरी पूरी,जाब कछू नहीं आवे ॥ ४ ॥ सतगुरु जैसा सैण तुम्हारे, ज्यासूं सनमुख होयले। वनानाथ कहैं भवसागरमैं, आयो दाव क्यूं नी जोयले ॥ ५ ॥ ३५ ॥ १७५ ॥

राग।

साधो भाई ओ झगड़ो कद तूटैं। कै कोय मिलसी संत सायबका, कै सतगुरु गमले ऊठैं ॥ टेर ॥ साच झूठ मिल करी लड़ाई, लंक लगाया सांसैं। सुमता कुमता फिरैं विचालै, इम करले इम खैंचैं ॥ १ ॥ भारत रच्यो भरम मांहिं भारी, हूं तूं भिड़्यो अभागी। चेतन चोकी न्याव चुकायो, मार दोयां सिर लागी ॥ २ ॥ दोनूं पकड़ कै किया कबजमैं, बारै जांण नहीं पावैं। जनम कैद कीनी कीमत कर, चून चौतरैं पावै ॥ ३ ॥ आयो संदेसो कह्यो सबनकूं, कोई लड़न नहीं पावो।

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वै तो बँध्या आपरे हाथे, मार सिरां थेई खावो ॥ ४ ॥ इण झगड़ैरो सतगुरु साखी, कै कोई संत सुजाणा । कहै वनानाथ सुणो भाइ साधो; झगड़ारा किया बखाणा ॥ ५ ॥ ३६ ॥ १८० ॥

साधो भाई हर भज पार उतरणा । निरख निरख पग धरणा ॥ टेर ॥ डोरी अधर लगी आकासां, गमकर गिगन चढाणा, नटवो निरत निगै कर निरखे, अगम देश इम लेणा ॥ १ ॥ धीरज धाम धारणा गाढी, चहुंदिस चेतन रैणा । सधर पुरुष जां संसैं नाहीं, माया देख तज दैणा ॥ २ ॥ सुंन समान सरोवर सांई, ज्यां हूं तूं नहीं कैणा । समदृष्टी होय जोवो सकलमें, ठोड़ थिरप नहीं थाणा ॥ ३ ॥ दृष्ट न पड़ै मुष्टि न आवै, ऐसा अगम पीयाणा । कहैं वनानाथ सुणो भाइ साधो, सो पद है निरवाणा ॥ ४ ॥ ३७ ॥ १८४ ॥

साधो मेरी सुरत सायबजीसूं लागी, मो मन भया वैरागी ॥ टेर ॥ खोज चल्यो खिलकामैं आगे, पंथ चल्यो गुरु पागी । राय बिनां एकरसता चलाई, लार लियो वैरागी॥ १॥ निगै नहीं ज्यां निरखण लागो, कलह कलपना त्यागी । कर कीमत ओलखिया अंदर सबद रूप अणरागी ॥ २ ॥ सुनमैं सनमुख मिल्यो सूरवां, बोलत बोल सवागी । मिलग्यो माल महोले मांही, कीवी

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दुरमति आगी ॥ ३ ॥ सतगुरु सरणैं सहज समाया, सोहं शब्द सरबंगी। कहै वनानाथ सुणो भाइ साधो, सैन गुरूरी गम जागी ॥ ४ ॥ ३८ ॥ १८८ ॥

साधो समजै संत पियारा। समज्या संत सरब सुख पावै, मिटगया भरम अंधारा ॥ टेर ॥ आप अदेख देख सब माया, इमकर रच्या पसारा। समज्या सो सत सबदां लागा, भ्रम बंध्या जग सारा ॥ १ ॥ शब्दस्वरूपी सबघट व्यापक, किया चेतन उजवाला। दरस्या देव दसूं दिश पूरण, खुल्या भरमनारा ताला ॥ २ ॥ ब्रह्म भरचा भवसागर नाहीं, ज्यां नहीं मायाका चाला। दीसै सोई दरसती नाहीं, आप अदेख उजाला ॥ ३ ॥ गुरुपरताप गम कहूं समझ कर, हूं तूं मिटचा विकारा। कहै वनानाथ सुणो भाइ साधो, अब मेरै आनन्द अपारा ॥ ४ ॥ ३९ ॥ १९२ ॥

ऐसी सैंन समझ मन मेरा, समज्यांसूं घर पावै रे। अनंत संत हुआ अरु होसी, सारा समझ सरावै रे। ॥ टेर ॥ निगै विना निंदता औरांकूं, विन पारख पच हारैरे। जागै नहीं भूलमैं सूता, भोले जनम गमावै रे ॥ १ ॥ जागयां विना जुगत नहीं दरसै, विन मैरम मुरड़ावै रे। अपणे दिलकूं नहीं परमोदे, गैला ज्ञान गुड़ावै रे ॥ २ ॥ जागया जिके जुगोजुग जीता, पर-

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सण होय पिव पावै रे। जसा होता जैसा भरपाया, बहुरि जनम नहीं आवै रे ॥ ३ ॥ हर गुरु संत एक कर जांणैं; दुतिया दूर गमावै रे। कहै वनानाथ सुणो भाई साधो, वै अमरापुर जावै रे ॥४॥४०॥ १९६ ॥

ऐसी अजरजरो मन मेरा, अजर जर्‌याँ गम आवै रे। गम कर ज्ञान अगम घर जावैं; अगम अगोचर थावै रे॥ टेर॥ उठ परभात समर सायबकूं, परगल प्रेम पिलावै रे। अपणा उलट आप घर लावैं, सूधा सरग सिधावै रे ॥ १ ॥ आपा मिथ्या आपदा छूटी हरदम हेत लगावै रे। हिरदै धार सार नाभीसूं, सूधो सुखमण आवै रे ॥ २॥ सुरत निरत मिल चली महोलैं मिलकर मंगल गावै रे। सनमुख सांम रींझायो सईयां गेरा गिगन घुरावै रे ॥३॥ मैं नहीं ज्यां मैं निज थाया, कोई दुतिया न थाया रे। कहै वनानाथ सुणो भाई साधो, सहजोई स्वरग समाया रे ॥४॥४१॥ २०० ॥

राग।

एक हंसा अगमसूं आया, ज्यांरा दरसण विरलां पाया ॥ टेर ॥ दिल दरियाव भर्‌या भरपूरण, गम कर हंसा आया। पाव विना वो बैठा पंछी, महरम मोती पाया ॥ १ ॥ मानसरोवर हंसा छाजे; नहीं बुगलांका दाया। वे हंसा सुंन सायरवासी, वांरा समता सहज सुख छाया

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

॥ २ ॥ हंसा हरष मिल्या हरमांहीं; भाग भला सर आया। पूरण पास आस नहीं वाकै, सहजै सगम समाया ॥ ३ ॥ पूरण पाय फेर नहीं आया, आदि अस्थल थाया। कहै वनानाथ सुणो भाई साधो, वेगम वाणी गाया ॥ ४ ॥ ४२ ॥ २०४ ॥

मेरा हंसा सहज समाया। सो तो आवागिवण न आया ॥ टेर ॥ मानसरोवर हंसा जांणैं, हंस हंस वह आया। वे हंसा महरम का गोती, नहीं बुगलांकूं ठाया ॥ १ ॥ नीर बिना जां सरवर भरिया; घाट विना वह न्हाया। स्वांयत बूंद निपज्या मोती; वे चुग हंसां खाया ॥ २ ॥ बहुत दिनांका प्यासा हंसां, सुनसायर सुखपाया। जुगजुग राज करै सरवर पर; ज्यां हंसा थिर-थाया ॥ ३ ॥ हंस हमारा शबद विवेकी, हंसो हंस मिलाया। कहै वनानाथ सुणो भाई साधो, निरभै नगर वसाया ॥ ४ ॥ ४३ ॥ २०८ ॥

वा घरकी साधो कहूं निसांणी; जा घरमैं हंसा रहता। काया छोड़ चलै जब हंसा, जा हंसा हरमैं समाता ॥टेर॥ जब तेरा स्यांम रैता सुन व्यापक; बोल वचन कासुं लाता। जसे घृत मही मांहि मिलरह्या, मथियां विना नहीं पाता ॥ १ ॥ पांच तत्त्वका इंड उपाया, ज्यामें भवँर गुंजाता। अपणी संका जोवणरे कारण;

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दूजा रूप धराता ॥२॥ गम कर ज्ञान अगम घर रहता, गम कर वेगम पाता । धरता विन करता नहिं पावै, पारख विना पिसताता ॥ ३ ॥ जैसें दरपण ले मुख आगै, निगै करी जद निंदता । ऐसी बात कही क्यूंनी पहला, जद हंसा भरमाता ॥ ४ ॥ जीयाराम मिल्या गुरु पूरा, कर सैनी समझाता । वनानाथ निरणै कर निरख्या, सत्य वचन दरसाता ॥ ५ ॥ ४४ ॥ २१३ ॥

राग ।

सिंमरो संत सुजाण समझ, कायासिंध मिली । तेरा अवसर वीता जाय, जागेनी जोगी जुगत वणी ॥ ॥ टेर ॥ निरख निरख मेलो पाव, वाट वाकी विषम घणी । नहीं कायरका काम, सूरा वैहै सेलअणी ॥ १ ॥ सदा ही रहत निरवाण, सहज सुखधाम घणी । नर जासी निराधार, पूगै सोई पुरुष धणी ॥२॥ नहीं कहणका काम, इचरज वात वणी । संत समजलो वौ साम, जांण जैसै चंद्रमणी ॥ ३ ॥ वनानाथ कहैं जांण, शबदकी एक साख भणी । मेरे जीयाराम गुरु पास, आस नहीं मुगत तणी ॥ ४ ॥ ४५ ॥ २१७ ॥

या विध खोजिया निरवाणी । जासूं जनम मरण मिटाणी ॥ टेर ॥ आपा मेट आपमें दरसें, कर प्रेम प्रीत परखाणी । घट घट रोम रोम मैं व्यापक, सतगुरु सैन

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

लखाणी ॥ १ ॥ सुरत शबद सुखमण घर लाया, तारो तार मिलाणी। नाभी जाय नामकूं निरख्या, अरध उरध सुलजाणी ॥ २ ॥ उलटा प्राण पिछम दिश फिरिया, वंकनाल वरसाणी। मेर इकीसूं छेदगई सुरता, गगनमंडल गरजाणी ॥ ३ ॥ राग छतीसूं बाजा बाजें, वां निरगुणकी रहाणी। गुरुपरताप चड़्या गढ बंके, अनहद नाद घुराणी ॥ ४ ॥ जीयाराम मिल्या गुरु पूरा, निगम भौम दरसाणी। कहै वनानाथ सुणो भाई साधो, अनभौ जोत जगाणी ॥ ५ ॥ ४६ ॥ १२१ ॥

राग।

देखोनी देख देखनमैं इण रणूकारकी धुनमैं ॥ टेर ॥ नाभकँवलसूं नाम चलत है, वंकनाल बहन में। सुरत शबदकै ताली लागी, अकल कला आपन में ॥ १ ॥ सुरत निरत मिल चढ़ी सिखरगढ़, निगम भोम निरखनमें। अनहद नाद बंसुरी बाजै, झीणी टेर सुननमें ॥ २ ॥ सोवन सिखरमें आप विराजै नहीं वो जनम मरणमें। झिलमिल झिलमिल जोत जगत है, सोहुं वचन सबनमैं ॥ ३ ॥ तिरगुण ताप तिमिर नहीं भासैं, रहता लगन मगनमैं। वनानाथ सोई पद परस्या, गुरुमुख ज्ञान लखनमैं ॥ ५ ॥ ४७ ॥ २२५ ॥

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

राग ।

साधो भाई देउं ऊंचो चढ़ हेलो । जोगी जती सती सब सुणज्यौ, कहूं मुक्तिको गेलो ॥टेर॥ घर विन अधर माग विन मारग, विन पग पंथ डुहेलो । कर विन करण काया विन आसण, उनमुन रहत अकेलो ॥ १ ॥ जैसे पंछी उडत आकासां, दीसत है जब ऊलो । दृष्टि परै दीसे नहीं पंछीं, यू निरभ पद गहेलो ॥२॥ धरणि न गिगन विना घर आदू, साधू तां समझेलो । आवागिवण आवै नहीं कबहूं, पावैं मुक्ति महेलो ॥३॥ देह विना देव विदेह ब्रह्म व्यापक, ज्यां हर गुरुसंतको मेलो । कहै वनानाथ सुणो भाई साधो, मैं एसे हुवो ब्रह्म भेलो ॥ ४ ॥ ४८ ॥ २३० ॥

साधो भाई, अजब संदेसो लाया । जीव दुखी देख्या संसारा, ता कारण चल आया ॥टेर॥ कर विन बाजा बज्या ब्रहमंडमैं, विन सरवण सुण पाया। विन पग निरत करै ज्यां निरता विन जिह्वा गुण गाया ॥ १ ॥ रचियो रास वास ब्रहमंडमैं, संत समज्या चल आया । आप आपकै समज्यां परवांणै, दरशण सदा सवाया ॥ २ ॥ वेहद ब्रह्म वसैं हद माया, जड़ चेतनकी काया । ताकैं परै वसै अविनासी, सोहम परचै थाया ॥ ३ ॥ अगम अपारा है निरधारा, निस्पृह रहै

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

निरदाया । रंग न रूपा सदाई अरूपा, सो सायब सुन छाया ॥४॥ मेहर विना मालिक नहीं मिलसी, जो मिले तो संत सरणाया, कहै वनानाथ वसूं वा घरमैं, ज्यां भरम करम नहीं काया ॥ ५ ॥ ४९ ॥ २३५ ॥

राग ।

ऐसी सैन समझ कर भाखी, सुणो संत जिन सोई । जल डूबै न जलै पावक मैं, ऐसा समरथ वोई ॥ टेर ॥ ऐसी मौज भई मन मेरे, सदा परमपद मांई। रहता पुरुष भऱ्या भरपूरा, विधि निषेध नहीं वांई ॥ १ ॥ देवल देव पुजारा नांही, ज्यां एकमेकता सांई । अफुर देस आसण है वाका, निज कूटस्थ गुसाँई ॥ २ ॥ महिमा अगम अपार ब्रह्मकी, कहाँ लग वरणी जाई । जो समज्या सो सैन समाया, अगम निगम कहैं तांई ॥ ३ ॥ बोल्या बोल अबोल समझकर, धन्य गुरुकी गम आई । तोल अतोल अमाप अपरबल, वनानाथ दरसाई ॥ ४ ॥ ५० ॥ २९३ ॥

एसी सैन समझ मन मेरा, अवर धरो नहीं काया। है तेरे पास अमर अविनासी, ज्याकूं काल न खाया ॥ टेर ॥ धर अंबर विन रहे निरधारा, अधर दीप निरदाया । वसता वास किया विन वसती, विन वसती

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ले वसाया ॥ १ ॥ रहता पुरुष परापर पैला, जांका था ज्यां थाया। निरभै हंस वसै उण वसती, ज्यां कोई धूप न छाया ॥ २ ॥ वाकी महिमा कहां लग वरणूं, ज्यां तिरगुण नहीं माया। स्वरग नरक सुख दुख नहीं तामें, अवरण थया अजाया ॥ ३ ॥ आप अथाग थाग नहीं कोई, सतगुरु भेद बताया। रंग न रूप रेख नहीं खंचै वनानाथ लख गाया ॥ ४ ॥ ५१ ॥ २४३ ॥

राग सोरठ।

जगमें करता काल कसाई, जैंरी विगत करे दरसाई ॥ टेर ॥ करता करम करैं कायामें, है स्वतंत्र रहजाई। भिन भिन कर इंद्रियां रस भोगैं, भरम रह्या या मांई॥ १॥ जमरांणो जोरावर जुड़ियो, फिर फिर करत लड़ाई। नव द्वारा निश्चै कर रोक्या, दसवैं मैं डर नांहीं॥ २ ॥ दसवैं द्वार दरसिया देवा, शोभा वरणी न जाई। झलहल भाण ऊगो ब्रहमंडमैं, समरथ कला सदाई ॥ ३ ॥ भागा भरम भरोसा आया, सतगुरु सैन बताई। वनानाथ कहै अलख अकरता, सब घट रहै एक सांई ॥ ४ ॥ ५२ ॥ २४७ ॥

राग सोरठ।

साधो भाई करता वड़ो अथिर रे । सतगुरु सैन

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

समजकर सारो, रहो अकरता थिर रे ॥ टेर ॥ जमराणै कर जग सब रोक्या, भिन भिन तार सभर रे । अपने स्वाद सकल जग डूबा, निस्वादी कोई नर रे ॥ १ ॥ साध सोई सत सिमरण सारैं, रहै सतगुरुको डर रे । माया रसकूं कबहुँ न मानैं, गम कर पूगा घर रे ॥ २ ॥ सहज भौम सतगुरुका वासा ज्यां फुरता नहीं अफुर रे । पूरण भाग परमपद पाया, तोड्या काल खुपर रे ॥ ३ ॥ गुरु जियाराम सरब गत पूरा, समझ स्वरूपी सर रे । वनानाथ ले भेद वैरागी, जीवन मुकत विचर रे ॥ ४ ॥ ६३ ॥ २६१ ॥

मन तूं वेगमकी गम कर रें । अगम पंथ ज्यांरा अधर पियांणा, निराधार पग धर रे ॥ टेर ॥ वेगम गम कर किया पसारा, रचिया धरण अंबर रे । चवदेइ तबक मायाका चाला, जां लग ऊपजै मर रे ॥ १ ॥ द्वादश जोजन फिरत दुहाई, चेतन खबर कर रे । शबद दिवाण चढ्यो सिमरण कर, पूगो पुरुष पर रे ॥ २ ॥ सहज स्वरूपी सुंन समाया, अमरा भरया सभर रे । निरख्यो थको निजर नहीं आवै, बूंद रली सरवर रे ॥ ३ ॥ गैब हुवा जब गम होय चूकी, वगम सदा सदर रे । डिगता नहीं अडग रहै आसण, कोई जन लहै कदर रे ॥ ४ ॥ जीयाराम धिन धिन

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

या जगमें, गुपता प्रगट अक्षर रे। वनानाथ है ब्रह्म वैरागी, बोल्या बोल निडर रे॥ ६॥ ५४॥ २५६॥

राग वसंत।

होरी खेलूंगी घर आयकै, साधोजी ओ ज्यांमैं, हरष हरष गुण गायकै। होरी खेलूंगी घर आयकै ॥ टेर ॥ पांच सखी मिल कियो महोलो, सज्यो शील सिणगार। महरम कर मैलातकी, हुई है चलणकूं त्यार ॥ १ ॥ इला पिंगला मिलकर दोनूं, सुखमण कियो निहार। हरष हरष गुणगायके वे, आई त्रिवेणी द्वार ॥ २ ॥ बाजा बज्या ब्रह्मंडमें, सुण सुनको झणकार। रंग राच्या रामत भई, निरख रह्या संत सार ॥ ३ ॥ निरगुण नाथ रिझायो सुरता, निरत कियो निरधार। रीझ करी राजी भया, दियो मुकतिको द्वार ॥४॥ परम वास वासो भयो, रही सांमकी लार। वनानाथ खेलै संत सूरा, मेरे ऐसो उपज्यो विचार ॥५॥५५॥२६०॥

होरी खेलूंगी पिया पायकै, साधोजी ओ ज्यासैं सदा सवागण थायकै। होरी खेलूंगी पिया पायकै ॥ टेर ॥ पीतम फाग रमैं चेतन सूं, मेरी भई जड़ चाल। होय सनमुख समजी संपिया कै, नितनित भई मैं निहाल ॥ १ ॥ खेलत फाग पियाकै परसंग, दरसण दिया है दयाल। मेट दुहाग कीवी मानेतण, अमर पायो वर

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

लाल ॥ २ ॥ मेरे सांमकी सोभा ले वरणुं बहुगुण बोध विसाल। सुन सायर में सहज रमत हैं, पतिवरता भई खुसाल ॥ ३ ॥ सरब सुहाग भई मेरी सजनी, रही महोले माल। वनानाथ कहै मैं होरी खेलत हौं, ज्यूं संत खेल्या सुध चाल ॥ ४ ॥ ५६ ॥ २६४ ॥

होरी खेलत भया निहाल, साधोजी ओ मोपर किरपा करी गुरुदयाल। होरी खेलत भया निहाल ॥ टर ॥ झूठे ख्याल खेल जग भूलो, साच गह्या नहिं जाय। निरगुण फाग गुणांसूं न्यारो, साधो वेहद खेल खेलाय ॥ १ ॥ च्यारूं दिश निरत करैं वां निरता, पांच पचीसूं पाल। निराधार आधार खेलमें, चलीं अधरकी चाल ॥ २ ॥ वेगम वास वस्यो है वेहद, ज्यां परम जोत परकास। तिरगुण तिमिर मिट्यो मैरमसूं, होय रही निरत निरास ॥३॥ ऐसो फाग रमैं जिन जगमैं, हरगुरु संतके साथ। वनानाथ कहै मैं होरी खेलत हौं ज्यां चंद सूर नहीं रात ॥ ४ ॥ ६७ ॥ २६८॥

होरी होय रही नगर मंझार, साधोजी ओ ज्यामें खेल रच्यौ एकसार ॥ टेर ॥ सुनमें संत समझकर खेलत, होरी रमत रंगदार। अनुभौ फाग अगमको खेलत, ओलगो निराधार ॥ १ ॥ सूक्षम नगर निग विन निरख्या, वरसत अमी फुंवार। पीवत हंस परम सुख पाया, छूटा सबी विकार ॥ २ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अधर अथाय थाय नहीं वाको, वां खेलणकी वार । भाखत संत परापर पेला, वो तो अगम अपार ॥ ३ ॥ ऐसो फाग रमैं बड़भागी, जिन सतगुरु दी सार । बनानाथ कहैं मैं होरी खेलत हौं, जीयाराम गुरु धार ॥ ४ ॥ ५८ ॥ २७२ ॥

होरी खेलत संत सिरदार, साधोजी ओ ज्याके है हरिको आधार । होरी खेलत संत सिरदार ॥टेर॥ होरी हरख रमैं रंग रेलत, संत खेलत इकसार । पालत पांच पचीसूं पीछा, जब दरसे करतार ॥ १ ॥ सनमुख संग रमुं सायबके, लगी प्रेम पिचकार । होय हुसियार हरख कर झली, भींज्या ब्रहकी धार ॥ २ ॥ ज्ञान गुलाल उडै गुरुगमकी, होयरही मतवार । बारूंई मास रमैं बड़ भागी, ओ गुरुको उपकार ॥ ३ ॥ छक रह्या संत अचिंत आनंदमें, अनुभौ चढी खुमार । वनानाथ कहैं मैं होरी खेलत हौं, ज्यां अमरलोगकी वार ॥ ४ ॥ ५९ ॥ २७६ ॥

धमाल ।

मेरी सुरत सुहागण खेलै ख्याल, सुण सुण मंगल भई निहाल ॥ टेर ॥ पांच पचीसूं भई हैं साथ, सब सखियें मिल मंगल गात । मन मरदंग तन बजत यों ताल, काया नगरमैं रचियो ख्याल ॥ १ ॥ चित चेतनकूं लाग्यो चाव, अखंड जोतको भयो भाव । निरखत

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

निरता रंग अपार, जनम मरनको मिटियो विकार॥२॥ अधर महल जाकी अजब बात, परसत हरिजन सोई अजात। सुण सुण अनहद वसत वास, सरवणां न सांभली अवर तास ॥ ३ ॥ अधर पुरुष आवै नहीं जाय, कोई विरला हरिजन लखैं ताय।अवघट घाटां विखम बाट, वनानाथ ज्यां करत थाट ॥ ४ ॥ ६० ॥ २८०॥

मेरी सुरत सुहागण पीया पास, पिंड ब्रह्मंड परे वसत वास ॥ टेर ॥ अधर पुरुषको अगम राय, विरला हरि जन पंथां जाय। चंद सूर ज्यां नहीं रजनी प्रकास, अखंड जोत ज्यांको अधिक उजास ॥१॥ वेगम वसती ज्यां गमकी हाट, हरहीरनको लाग्यो टाठ। विन कमज्या नहीं आवत हाथ, सिर साटैं मरजीवा पात ॥२॥ पीवत मिटगई और भ्रांत, जीव शिवकी एक जात। ओतपोत है नहीं थाप उथाप, मनमोहन मिल भयो आप ॥३॥ योई है जोग जुगतकी सार;अनुभौ उकती गैब विचार । वनानाथ सत कही पिछाण, गुरुमुख ज्ञानी लेसी जाण॥ ४ ॥ ६१ ॥ २८४ ॥

मोय सतगुरु पायो बड़ो वीर, सुखसागरकी पाई सीर ॥ टेर ॥ सुनसायरको समता नीर, मुकत मोती निपजे हीर। चेतन हंसा चाल्या चीन, तोल अतोला लेवत बीन ॥ १ ॥ विनमुख हंसा पीवत नीर, परीब्रह्मसूं भई सीर। अमोल्या वो चुगत हीर, सतगुरु

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वचनां पाई धीर ॥ २ ॥ निरभै नगरी हंस अजीत, निरमल अंगा सत परतीत। जत सत शरधा सहज धीर, अमरलोककी पाई जागीर ॥ ३ ॥ हरीराम हर सायब कबीर, जीयाराम गुरुमत गंभीर। वनानाथको चरणमें सीस, सतगुरु तारचो मोहि बिसवा वीस ॥ ४ ॥ ६२ ॥ २८८ ॥

गुण गाइये रे अबै गुरुको आज। सतगुरु वचनां सरत काज ॥ टेर ॥ अमरदेसकी अजर बात, विना भोम जागीरी पात। राव रंकको एकी घाट, वां हंसा मेरा करता ठाट ॥ १ ॥ चेतन हंसा करत राज, अनहद नौबत घुरत अवाज। विन सरवण वां सुणत वाज, ब्रह्म मिलणको करत काज ॥ २ ॥ निरभै नगरी निगमपाल, नहीं कोई झींवर जमको जाल। उपजैं न विणसैं खावत नहीं काल, गिगन धूंवांज्यूं मिली झाल ॥ ३ ॥ अगमसैंन ये झीणी निराट, संत मरजी वा उण चढिया बाट। वनानाथको गुरू पकड़चौ हात, मोहन मिलियो सरणै आत ॥ ४ ॥ ६३॥२९२॥

राग कैरो।

तरवर एक दोय फल लागा, कर महरम चढ आगा हो, सीस विना लेसी संत सूरा, कायर सुण सुण भागा हो ॥ १ ॥ कायर जीव काम नहीं आवैं, सो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सतवाजी हारा हो । सिंवरण साख नीपजी नाहीं, डूबा भवजल धारा हो ॥२॥ सिंवरयां संत सरब सुख पावैं भरिया मुकत भंडारा हो। आप तिरैं अवरांकूं तारैं,वे धिन आया संसारा हो ॥३॥ तन मन मार तुरत फल लीना, कर निरगुण निरधारा हो । कहै वनानाथ शबदको केरो, ऐसा भेद हमारा हो॥४॥ ६४ ॥ २९६ ॥

पेड़ पात विन तरवर ठाढा, ज्यां मन लागा मेरा हो । ले गुरुसैंन चढ्या कीमत कर, ज्यां भव नहीं लिगारा हो ॥१॥ भूला जीव जुगत नहीं जाणैं, विन भैरम चढ जावै हो । अंत समै पीछा भव माहीं, निरफल जन्म गमावै हो ॥२ ॥ आपा छोड़ चेतन होय चाल्या, गुरु भैरम दरसाया हो । फूल्या विरछ बहुत फल लागा, आंब गिगन चढ मोरचा हो ॥ ३ ॥ वृच्छ विवेक बैठा संत सूरा, शुभ फल लेत घणेरा हो । कहै वनानाथ सुणो भाई साधो, ऐसा कया इक केरा हो ॥ ४ ॥ ६५ ॥ ३०० ॥

विरछा एक पेड़ नहीं वाके, नहीं जड़ी नहीं डाला हो । चवदें लोक छाय रह्या उपर, लखसी गुरुका बाला हो ॥ १ ॥ सबसूं परै द्रिष्ट नहीं आवै, ऐसा वृच्छ अपारा हो। ज्यांकै मांयँ मुकत फल लागा, सिरसाटै लो सारा हो ॥ २ ॥ सघर पुरुषकूं सतकर जाणो,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आपा तजो असाराहो। पारब्रह्मकूं परस्या चाहो, रहो जगतसूं न्यारा हो॥३॥भेदी जिके भरमगढ जीता, मिल निरगुण इकसारा हो। कहै वनानाथ वृच्छ चढ वाणी, केरा कह्या करारा हो ॥ ४ ॥ ६६ ॥ ३०४ ॥

साधो भाई, अज्ञेय स्वरूप हमारा। सुरती अरु सिमरती दोनूं, परगट करैं पुकारा॥टेर॥घर अंबर अगन पवन पाणी नाहीं, नहीं कोई करम न काया। शेष सोई आतम अविनाशी, निरबंधण निरदाया ॥१॥ जाग्रत सुपन सुखोपति तुरीये, भाव बंधे सोई माया। निरमाया निरवाण निरंतर, अवस्था अतीत रहवाया ॥ २॥वहां तो कृत्त अकृत्त न कोई, बुद्धि बोध न पाया। नहीं कोई गोचर नहीं अगोचर, नहीं प्रगट गुपताया ॥ ३ ॥ गुपतको साखी प्रगटको द्रष्टा, चेतन ब्रह्म अजाया। वनानाथ है अनंतप्रकाशी, अमल अछेद अथाया ॥ ४ ॥ १५६ ॥ ६८५ ॥

साधो भाई, निजस्वरूप निरवाणी। अगम निगम कोई पार न पावैं, आतम ज्ञानी जाणी ॥ टेर ॥ आतम अनंत अखै शुध चेतन, नहीं वार नहीं पारा। धरमाधरम अधरम न वामैं, आपोई आप अपारा ॥ १ ॥ आदि अरु अंत मध्य नहीं वाको, नहीं कोई भूल सयांणा। उरै परै ऊंचा नहीं नीचा, नित चेतन निरवाणा ॥ २ ॥ वां नहीं करम उपासन ज्ञानां, नहीं कोई जाप अजापा। देश काल वस्तु गुण नाहीं, नहीं कोई थाप उथापा ॥ ३ ॥ सगुण निरगुण भाव न ज्यामैं, नहीं आकार निराकारा। ज्यां नहीं प्रोक्ष नहीं अपरोक्ष,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नहीं कोई मिल्या न न्यारा ॥४॥हेती अरु नेती नहीं ज्यामैं; दोऊं वचनकी हाणी। वनानाथ आपकी सोजी, चेतन आप पिछाणी ॥ ५ ॥ १५७ ॥ ६९० ॥

साधो भाई, आतम अचल अनइच्छया। शुद्धस्वरूप अरूप आप तां, बंध मोक्ष नहीं वंच्छया ॥टेर॥ जलमें जोय उपाधि पवनकी, तरंग बुदबुदा फेना। यूं आतममैं इच्छाईतैं, भाव तिरगुणका माना॥ १॥तमगुण ब्रह्म सतोगुण ईश्वर, रजोगुण जीव कहाई। ये तिहुं उतपति खपतिमैं सैमल, यामैं आई जाई ॥२॥ जीव ईश ब्रह्म असत अनातम, सत आतम निरदाया। ज्ञाता ज्ञान ज्ञेय तां नाहीं, सत चिद आनँद अथाया ॥ ३ ॥ आतम स्वतै देखाई इच्छा,ज्यूं मृगतृष्णा झांई। इच्छा भाव अभाव तिहूं विध, सो आतम मैं नांई ॥४ ॥है है कहतां नहीं आकारा; नहीं नहीं कां निराकारा। वनानाथ है अचल अपरोक्ष, स्वतै प्रकाशित सारा ॥ ५ ॥ १५८ ॥ ६९५ ॥

साधो भाई चेतन द्रष्टा सोई। चम सम दिव्यदृष्टि तां नांई, एक दोय नहीं कोई ॥ टेर ॥ तरुजर सरप दरार रज्जुतैं, रजनीमैं भरमाणा। यूं आतम अज्ञान दृष्टतैं, तिरगुण थाप बंधाणा ॥ १ ॥ तीनूं भेद भया मायामैं, न्यून विशेष समाना। जाग्रत न्यून

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सुपन विशेषा, अरु सुषोपती समाना ॥ २ ॥ विसवै जीव अज्ञान आचरण, सो जाग्रत ही लेखा। तरुजर भरम ज्यूं जीव जान्या, चम दृष्टिकर देखा ॥ ३ ॥ तेजस जीव अरु ज्ञान आहारा, सोई सुपन कहाई । अहीभरम ज्यूं जीव वखाना, दिव्य दृष्टि ये थाई॥४॥ प्राज्ञ समान भोग विज्ञाना, सुखोपति कहिये योई । भूमिदरार भरम ज्यूंई जीव है, समदृष्टि है सोई ॥५ ॥ रज्जुदृष्टि ज्यूं आतम चेतन, अनुभौ भाण प्रकासा । विश्वै तैजस प्राज्ञ विलाना, सत आतम निरआसा ॥ ६ ॥ द्वैताद्वैत नहीं आतममैं, शुद्धा अद्वैत अपारा । वनानाथ सोइ अनिरवाच्य है, आपही जाणनहारा ॥ ७ ॥ १६९ ॥ ७०२ ॥

ज्ञान गुरुदेवका सही रे साधो, लख्या सोई भवपार ॥ टेर ॥ सतगुरु मोरी सुणो वीनती, अरज करूं करतार । भवसिंधूसूं करो कनारै, निराधारां आधार॥१॥ लखचौरासी जीवाजूनमैं, फेरा फिरचा अपार। मैं शिष्य शरण तुम्हारी आया, अब मोय लेवो उवार ॥ २ ॥ अनंत उपाधि लगी गुरु मेरे, एक एक अधिकार।ज्ञान खड़ग मोय देवो दया कर, काट होऊं भवपार ॥ ३ ॥ तुम विन सकल सृष्टिमें नाहीं, ऐसो कोउ दातार । वेद संत सतगुरुकूं वरणै, सोई निश्चा लिया धार ॥ ४ ॥

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गुरु किरपा हुवै ज्ञान परापत, छूटै सबी विकार। बंधन कटै होवै निरबंधन, पावै मोक्ष दुवार ॥ ५ ॥ केवल ज्ञान दिया गुरु हमकूं, जाण्या सार असार। आतम सत असत अनआतम, परख किया निरधार ॥६॥ सतमैं स्थिती असतकी हाणी, निश्चै योई विचार। सतगुरु मिल्यां ऐसी विधि सूझै, परगट कही पुकार ॥ ७ ॥ जीयाराम गुरु पर उपकारी, दातारां दातार। सो सीधा सो सतगुरु करकै, वनानाथ कही सार ॥८॥ १६० ॥ ७३० ॥

राग।

साधो भाई अपणा आप अथाया। मायागुण किरियाको द्रष्टा,सो कहूं गया न आया॥टेर॥सत चित आनंद आप अखंडी,तातैं अंस फंटाया। एकतैं जीव अनेक बनायके, माया किया मन भाया॥ १ ॥ सोई माया मूल अविद्या, तामैं तिरगुण थाया। सतगुण ज्ञान अज्ञान रजोतम, निज ज्ञान निरदाया ॥२॥ जब लग निज ज्ञान नहीं प्रापत,तबलग बहु दुख पाया। न्यून विशेष समान गुणमई,धरी अनंतां काया॥३॥उलटा अंश पलट मायातैं,अपणा ज्ञान जगाया। मायाजाल छेद भया न्यारा, दूजा भेद मिटाया ॥ ४ ॥ आतम अंश सोई परमातम, शुद्ध अद्वैत अजाया। अपणा स्वरूप

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सदा ज्यूं का त्यूं,ज्ञान अज्ञान न माया ॥५॥ निज पद शुद्धसनातन द्रष्टा,आपोई आप रैवाया। वनानाथ निरवाणी वाणी, परतक कहैं दरसाया॥६॥१६१॥७१६॥

साधो भाई मायामें द्वैत विलासा । अनहोती होती भई माया, ज्ञान भयां हुवे नासा ॥ टेर ॥ ब्रह्मा विष्णु महेश ईश्वरी, यां मिल जाल पसारा। सब जीवनपैं जाल डारके, गिरिया जीव अपारा ॥ १ ॥ तीनगुणां मांई जीव अलुज्या, उतपति स्थिति व हाणी । माया भूल इनीका कारण, सब जीवनकी खाणी ॥२॥ पाव पाताल सीस आकासां, उदर दसूं दिस छाई। माया जीव किया अपणे वस, बार जाणदै नांई ॥ ३ ॥ एक उपाय माया छूटणकी, गुरु सरणे चल आवै । गुरु दृढ ज्ञान देवै निजपदका, माया जाल मिटावै ॥ ४ ॥ वेदवचन गुरु जुगती करके, सरवण सबद सुणाया । मन मनन निदिध्यासन करकैं, सुध साक्षात लखाया ॥५॥एक अनेक जीव मायातैं, ज्यूं रवि बिंब अनेका। माया घट जल भेद विलाया, ब्रह्म जीव सोइ एका ॥ ६ ॥ शिव विष्णु ब्रह्मादिक वंछैं, निश्चल पद निरदाया । जीयाराम गुरु सूं ले जुगती, वनानाथ पद पाया ॥ ७ ॥ १६२ ॥७२३ ॥

समज्या संत परमपद परस्या, जां लग पहुंचत सूरा ।

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आदि पुरुष ओलख्या अंदर, हरदम सदा हजूरा॥ टेर ॥
परथम आदि पुरुष अविनासी, जां तिरगुण नहीं माया।
रचना विना ब्रह्म निजनामी, आपोई आप रवाया॥१॥
सो निरभेद भेद नहीं तामैं, नहीं कोई वाद विवादि,
उण समरथका ज्ञान अपारा, पुरुष पुरातन आदि॥२॥
आदि पुरुष इच्छा शक्ती सूं, रचीया जगत पसारा।
समज्या सो सत शबदां लागा, भरम बंध्या जग सारा
॥ ३ ॥ आरंभ आद अमावस रचिया, सुरत सबद घर
लाया। अपणा नूर निरंतर निरखो, निरमल निरगुण
राया ॥ ४॥ पडवा पवन पिछाण्या पागी, अरध उरध
लिव लागी। उलटी कला अखंड उजवाला, जोत
दसूं दिस जागी ॥ ५ ॥ बीजो बीज ऊगीया चंदा,
निवण करै नव खंडा । दिनदिन कला सवाई दरसैं,
आप बहैं ब्रहमंडा ॥ ६ ॥ तीजमैं तार लगी त्रीवेणी,
शबद चड़्या टंक साला। हीरा चोट सहे सिर घणकी,
यू हृढ मत गुरुका बाला ॥ ७ ॥ चौथमें चहुं दिस
भँवर गुंजाया, गिगनमंडळ गरणाया। बारोई मेघ
मलार उलटकर, विरह वादल वरसाया ॥ ८ ॥ पांचम
पुरुष पींजरै पूरा, सुंन घर पूगा सूरा। सैंस कली पर
करत किलोला, वाजत अनहत तूरा ॥ ९ ॥ छठम
अटल बिरछकी छाया, गरज्यो गिगन सवाया ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मोरचा आंब मुकत फल लागा, सुघड सूवे चड़ खाया ॥ १० ॥ सातम छोड खलककी आसा, आसा भई निरासा। अदर दलीचै आप विराजै, जां नहीं काल तिरासा ॥ ११ ॥ आठम अचल ब्रह्म अनिवासी, वार पार नहिं कोई। नित निरलेप लेप नहिं लागै, ज्ञानीकी स्थित सोई ॥ १२ ॥ नवमो नाथ निरंजन राया, अंजण दरसै माया। आप सदा माया विन थाया, लखै संत निरदाया ॥ १३ ॥ दशम दसूं दिशा पर देवा, सुर नर वाकी सेवा। सकल निरंतर व्यापक सांई, ऐसा अलख अभेवा ॥ १४ ॥ एक इग्यारस एकुंकारा, जीव ब्रह्म एक सारा। दुई विना दूजा नहीं दरसै, सब घट सिरजणहरा ॥ १५ ॥ बारस बावन अक्षर बाहिर, पारब्रह्म थिरथाया। सो ब्रह्म लख्या बक्या निज अनुभौ, परगट भाष सुणाया ॥ १६ ॥ तेरस तोल मोल नहीं आवै, कैणी लगै न काई। जाणी जाण रहा एकसारा, शुद्ध स्वरूप सुखदाई ॥ १७ ॥ चवदस चार वेद खट सासतर, गीतामैं यूं गावै। एको ब्रह्म नासति दुतिये, साख सुण्यां पत आवैं ॥ १८ ॥ पूनम पारब्रह्म पदपूरा, सतगुरु सही लखाया। सोलै कला समझ कर भाषी, संत सुघड़ नर गाया ॥ १९ ॥ चार सांगमैं चेतन सामल, गिरे आश्रम त्यागी। परमहंस लग ब्रह्म एक सारा, लखै सो है बड़भागी ॥ २० ॥ सोलै कला कही

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

निरणै कर, सो गुरुमुख जिन जाणी, हठ जोग सांख्य वेदांत समझ कर, कही निरवाणी वाणी ॥ २१ ॥ जीयाराम मिल्या गुरु पूरा, पारब्रह्म परसाया । वनानाथ जुगतीकर जाण्या, अवर धरूं नहीं काया ॥ ॥ २२ ॥ १६३ ॥ ७४८ ॥

साधो भाई नित आतम निरदाया । ज्ञान विना जीव मायामें भासै, मिटैं ज्ञानतैं माया ॥ टेर ॥ इच्छा आदी ईश्वरी माया, तातैं तिरगुण थाया। रजगुण उतपति थिति सतगुणतैं, लीन तमोगुण माया ॥ १ ॥ उतपति थिति लय भेदतिंहूंमैं, जीव अनंत देखाया। आप अजीव अनादि केवल, सभर भरया निरदाया ॥२॥ माया अस्त अनादि कलपत, सत आतम सुखदाया । रविम लेश निशा नहीं पावैं, यूं चेतन ब्रह्मराया ॥ ३॥ अनुभौ ज्ञान कहा आतमका, लख्या सो निरभै थाया । कहै वनानाथ सुणो भाई साधो, कर निरगै दरसाया ॥ ४ ॥ १६४ ॥ ७४९ ॥

राग परभाती ।

मैं रैता परमातमा, ज्यांकी कहूं रे निसाणी । मेरा स्वरूप अनादिका, तूं क्या लखत अजाणी ॥ टेर ॥ मेरी सत्ता निज आतमा, तातैं चउंखाणी । मैं प्रेरक सब जीवका, मेरी कबुव न हाणी ॥ १ ॥ उपजै मिट

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

फेर होत है, त्रिविध ताप लगाणी । त्यूं तैं जाण चोथी जुदी, जाका है हम जाणी ॥ २ ॥ आदि अंत मध्यकूं लखै, साखी जाण कहाणी । मन आतम परलै गया, आ साखा परवाणी ॥३॥ हम परलाके बार हैं, जाणी जाण रेहाणी । असंख जुगांके आगली, केई ये सिंध पुराणी ॥ ४ ॥ सरब सलूणा श्याम है, नूरी नित निरवाणी । वनानाथ शुध बोध है, बोधक सही परवाणी ॥ ५ ॥ १६५ ॥ ७५४ ॥

ये निश्चा निरवाण है,निरवाणी वाणी । निरवाणी निर्वाणहै निरवाणी जाणी ॥टेर॥ शुद्ध स्वरूप परमातमा, सो है सदा विज्ञाना । जाग्रत सुपन सुखोपती,तुरीया दै म्यांना ॥ १ ॥ जाग्रत झबका जगतका, सो है आदि पसारा । सब इन्द्र्यां का भोगता, विसवै जीव विचारा ॥२॥ नव तत्त्वनका सुपनहै, सोई मध्य कहाई। संकलप विकलप भोगता, तेजस जीव रैहाई ॥ ३ ॥ सुन सुखोपति अंतमैं, जाग्रत सुपन विलाना । सो भोगी सामानका, प्राज्ञ जीव वखाना ॥ ४ ॥ साखी अवस्था तीनका,तुरीये तदरूपा । आदि अंत मध्यतैं परे, सोहै अमल अनूपा ॥२॥ तुरीये तुरीये अतीत है, रवि कला ज्यूं एका । भेद अवस्था तां नहीं,जां दूजा नहीं लेखा ॥ ६ ॥ मम महरम अद्वैत है, नहीं निकट

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नहीं दूरा। वनानाथ अदभुत गती, लखसी संत सूरा ॥ ७ ॥ १६६ ॥ ७६१ ॥

साधो भाई नित निरगुण निरभोई । अपणी जाण आप ही जाणैं, विधि निषेध न होई ॥ टेर ॥ गुण निरगुणकी कहूं हकीकत,सुणो संत जन सारा। निरगुण निरालेप निराकारा, है तिरगुण आकारा ॥१॥ निरगुण ब्रह्म चेतावै तिरगुण, योई है तिरिविध भेदा। मल वि-छेप दोष आवरणकी, जुई जुई दै वेदा॥२॥विसवै जीव स्थूल देह जाग्रत, पनरै तत्त्वका मापा । इद्रियां विषै भोग भुगतावैं, बंधा दोख मल आपा ॥३॥ तैजस जीव देह पुनि सूक्षम, नव तत्त्वनकी थाई। संकलप विकलप भोग सुपनमैं, दोख विछेपता पाई ॥ ४ ॥ प्राज्ञ जीव देह है कारण, सुखोपति मांहे भूला। भोग सैमान दोख पुन्नि आवरण, सो सब लेखा ऊला॥ ५ ॥निरगुण ब्रह्म अभेद अनादि, निजानंद निजरूपा । तिरगुण असत सत सच्चिदानंद, अपणा आप अनूपा ॥ ६ ॥ ये निर-गुण तिरगुणका निश्चा, अगम निगम कहे ताही। वनानाथ निरगुण निरंबधण, तां तिरगुण नहीं काही ॥ ७॥ १६७ ॥ ७६८ ॥

या सतगरुजी री सोजीरे,साधो अगम निगम कहै दोजी। सतवादी सिष लहे पारखा,'सकल भरम दै खोजी

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

॥ टेर ॥ माया ब्रह्म भया दोऊ मिश्रित, रची तिरगुण ता बाजी । ता संजोग जीव होय भरम्या, अपणारूप भूलाजी ॥ १ ॥ सकल सृष्टिका सतगुरु मालिक, ज्यां के पूंजी सोजी । सत असत का करत निवेड़ा, माया ब्रह्मका खोजी ॥२॥ गुरुका शबद सुण्या शिष्य सरवण, तात मन लागा जी । बहुत जुगनका जीव अचेतन, गुरुगम सुण जाग्या जी ॥३॥ सारासार विचार्‍या गुरुमुख, सतगुण बोध गया जी । माया अंश तज्या रज तम गुण, निश्चै ब्रह्म लख्या जी ॥ ४ ॥ व्यापक ब्रह्म अचर चर मांई, सदा निरंतर रहै जी । माया भेद नहीं ता भीतर, सोई सनातन मांजी ॥ ५ ॥ सत की सैन कही हम सबकूं, जाणो पंडित काजी। वनानाथ गुरुमुख जिन पूगा, वैमुख डूबा पाजी ॥ ६ ॥ १६८॥ ७७४ ॥

इच्छा तीन बताई रे साधो, येई जाण रहा जाणी । अपणी ठोड ठोड कई इच्छा, आप रहत निरवाणी ॥ टेर ॥ इच्छा अरु परमारथ इच्छा अनइच्छा तिहूं ठानी । इन तीनांकी जाण जुई जुई, कर निरण कहूं वाणी ॥ १ ॥ इच्छा अरथ विचारै, आदि वेहद ब्रह्म स्वरूपा । कर अहंकार पुरुषकी प्रकृती, धरया अंनतां रूपा ॥ २ ॥ परमारथ इच्छा है पूरी, ज्यां स्वारथकी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हाणी। एको ब्रह्म नासती दुतीये, इच्छा परमारथ जाणी ॥ ३ ॥ अनइच्छा आतम नित चेतन, ज्यां नहीं व्याप अव्यापा । आदि अनादि सनातन सोहं, जाणै अनइच्छया मापा॥४॥अपणा आप अमर अविनासी,निजानंद निज साईं। ज्यां इच्छा वे इच्छा नांहीं, सरवा अतीत गुसांई ॥५॥ इच्छा तीन भेद गुण भाखै रती फरक नईं कोई। भेदा भेद रहित आतमा,वनानाथ है सोई ॥ ६ ॥ १६९ ॥ ७८० ॥

सो साधू निज जगतमैं, गंगोदक पाणी।जो जावै ज्यां का मल हरै, ताकूं वेद वखाणी॥टेर॥नाम लेत विसवासका, अवास एक नहीं पालैं । धके पडे सोई आचरैं, नीची दृष्टि निहालैं॥ १ ॥ बड़ा वचन कहैं जगतमें, अपणी मति छोटी। श्वान भोग किम करसकैं, हथणी भई मोटी ॥२॥ हथणीका महातम बडा, ताकै गज जोड़ै । गति मति वाकी एक है, नीची बुद्धि न मोड़ै ॥ ३ ॥ ऊंचा पद वंछे सबै, जो गुरु गम वतावैं । तब पावै ऊँची गती, सो निज संत कहावैं॥४॥ मान बड़ाई सब तजैं, सो संत रहैं निसकामी । वनानाथ उण संतकूं, कीजे कोटि सलामी ॥ ५ ॥ १७० ॥ ७८५ ॥

सुरत सुण वावरी तेरो, वीतो जाय वेवार । सुरत सुण वावरी तेरो, वीतो जाय वेवार ॥टेर॥ ओ संसार

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ओसको पाणी, याकी तजो सब आस । घाम पड़े जब सूके सबेरे, ओ जग निमक निवास ॥ १ ॥ केई वार जीवा जूंण भोगी, अब नरतन पायो रे गिवार । होय सनमुख सायबसूं अभागी, तनै सतगुरु कहत पुकार ॥२॥ गुरु संतनको संग सत जाणो, तजो जग असत असार । सिंध देवैं साची सतगुरुजी पलमैं करैं भवपार ॥ ३ ॥ सास उस्वास समर शारंगधर, ये दै गुरु निजसार । वास वणै ब्रह्ममंडमैं तेरा, ज्या भय नहीं लिगार ॥४॥ सतगुरु मिल्या टल्या भवसिंधुसूं, गाया गुण गोपाल । प्रेरक सब पृथवीको पालक, वनानाथ रैंया न्याल ॥ ५ ॥ १७१ ॥ ७९० ॥

पीयाजीके दरसणकी, लगरई अजब उमेद ॥ टेर ॥ पीया पीया कर सबी पुकारैं, कर सवागी ह्वाल । प्यारी नाम उनीका कइये, लगी कलेजै भाल ॥ १ ॥ ब्रहन जारी सबसूं न्यारी, किया जोगणियां भेस । अवघट घाट वाट विन वैणा, चली पीयाजीके देस ॥२॥ हमकूं मोही पीया निरमोही, बडो कठण दिलदार । वेदरदीकूं दया न आवै, कबहुं न बूझी मेरी सार ॥ ३ ॥ पिया दरश विन चैन न आवै, होयरई हवाल वेह्वाल । दरश दिखाय दया करी मोकूं, ब्रहनीके रिछपाल ॥४॥ पिया वदन पर जाऊं बलिहारी, मुख देखत दुख जाय

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कृपा करी किरपाल कंठ विच, विरहनि लीवी लगाय ॥ ५ ॥ अब मेरे चितमें चैन भया, मैं होरही लाल गुलाल। वनानाथ ये भाव विरहको, मिथ्या जगतका ख्याल॥ ६ ॥ १७२ ॥ ७९६ ॥

साधो रे चित चेतन करीया, विन पारख पावो नहीं, निश्चै रहसो अलीया ॥ टेर ॥ तीन देह उतपति करी, आप गुण होये भिलिया, घट घट माया मन बंध्यो, भवसागर कलिया ॥ १ ॥ वेहद वृक्ष अनूप हैं, छाया हद नीचा । प्रतिबिंबतैं फल ना मिलैं, फल तो रहगया ऊंचा ॥ २ ॥ सरवां ज्यूं घट जांणियैं, चैतन ज्यूं चंदा । भांडा फूटा भरमका, दूजा मिटगया फंदा ॥३॥ द्रिस मीटी जब दरसिया, पूरण पदपाया । वनानाथ गम गुह्य हैं, निश्चै दरसाया ॥ ४ ॥ १७३ ॥ ८००॥

इति श्रीवनानाथजी महाराजरी वाणी संपूर्ण ।

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

अथ

श्रीवनानाथजी महाराजका परवांणा प्रारंभ ।

चौपाई ।

ब्रह्म गुरु संतनकी दया, आतम ज्ञान उदय निज भया । परवाणा प्रगट कहे दाखूं, भिन्न २ कर निश्चा भाखूं ॥१॥ नमो नमो गुरुदेव मनाऊं, दे परकमा सीस नवाऊं । ऐसी दया करो गुरु मेरा, काया गढका करो निवेड़ा॥२॥ प्रथम पांच पचीसो जाणूं, तीन गुण तुरत पिछाणूं । रजगुण तमोगुण सतगुण माया। ज्यामें भँवरा भरम भुलाया ॥ ३ ॥ भटकत भँवर फिरे बहु फेरा, भांतभांत कर माया घेरा। एक पलक भर ठहर न पावै, काया गढ़में किमकर जावै॥४॥ कायागढ करड़ो है भाई, जाकी संत करे ओलखाई । कहै वनानाथ माया सब त्यागी, गुरुसरणे आयो बड़भागी ॥ ५ ॥ सतगुरु सुणो विनती हमारी, तुम समरथ मैं सरण तुम्हारी । कायागढ़का भेद बतावो, संशय शोक भ्रम कूं ढावो॥६॥ सतगुरु दीनदयालू ऐसा, भेक विवेक दियाहै जैसा ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जाकी विगत कहूं समझाई, यामें रती फरक नहीं काई॥७॥ स्वास उस्वास सिमरणा सारी, दृढ आसण कर समता मारी । भेद विभूत विचार चढाई, अनुभव वात अगमकी पाई ॥८॥ उनमुन मुद्रा सरवण सारी, ऐसे जोगी जरणा जारी । मैर मेखला तत्तकी टोपी, दया करी गुरु सिरपर ओपी ॥ ९ ॥ सिंगी सबद श्रुतकी सेली, गुरुप्रताप सिरपर मेली । करणी कुतक सबरकी झोली, शम दम साधन लिया विरोली ॥ १० ॥ सोहं भेद दिया गुरु भारी, भेख लिया मैं ब्रह्म विचारी । चित चाकड़ी चेतन वैणा, कायानगरमैं फेरी दैना ॥११॥ सबद गुरूका सेल संभाया, होय सूरा रण भीतर आया । मनकूं पकड़ घेर घर लाया, वनानाथ ये जोग जगाया ॥ १२ ॥ कठण जोग है पंथ करारा, वहणा महा खड़गकी धारा । सब दल छेद हटै कबु नांहीं, सूर वीर छाजे दलमांहीं ॥ १३ ॥ प्रथम जाय नाभ कू हेरी, सतगुरु सबद लगाई फेरी। जासूं फुरे कामना सारी, अती अपरबल नागन नारी॥ १४ ॥ नाभी नगर नागणी जागी, जाकूं देख सकल जग भागी । उस नागनने सब जग खाया, जां सतगुरु पूरा नहीं पाया॥ १५॥उस नागणकूं मारे कोई, जाके धड़पर शीस न होई।नागण मार नगर सब हेरा,उलटा प्राण पश्चिमकूं

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

फेरा ॥१६॥ नाभी कमल चेतनकी चोकी,उठती लहर उपजती रोकी।ऐसे चल्या पश्चिमकी घाटी, गांठ एकीसुं मेर की फाटी ॥१७॥ वंकनाल भंवरा वहै आया, उलटा कमल अमी वरसाया। झिलमिल जोत जुगतसैं जागी,चेतन चल्या शिखर घर पागी॥१८॥इला पिंगला सुखमण मेला,उलटा किया त्रिकुटी मेला।त्रिकुटी महल झिलकत झांई,द्वादस नेजा फुरकत वांई॥१९॥मन पवन मिल धीरज पाई,सहजै चल्या गिगन पर जाई। सुरत सबदके मिटगया शंका, ऐसे लिया गिगन घर बंका ॥२०॥अनहद नाद वहां नित वाजे, झूठ कहूं तो सतगुरु लाजे। विनो वादली वरखा होती, स्वति बूंद नित वरसे मोती॥ २१ ॥ ऐसा खेल गिगन घर खेली,अधर बुंद अमृतकी झेली। अमृत पीवै सो बड़भागी, जाकी सुरत गिगनमें लागी ॥ २२ ॥ खरतर खेल रचा बहु भारी, विना पाव जां नाचत नारी। टूंटा ताल वजावण लागा, गूंगा करै मुदरीमें रागा ॥ २३ ॥ बहेरां सुन्या पांगला भागा, अंधा निरत निरखणे लागा। उलटा पंथ खोज नहीं दरसै,सो साधू घर ऐसा परसै ॥ २४ ॥ नटणी पांव वरतपर मेलै,लोक हसे मुख आप न बोलै। सबकी सुनी मैं कान न दिया, निश्चै हेर अमर घर लिया ॥ २५ ॥ ऐसी गती पिछाणे जोगी, सदा समान ब्रह्मरस भोगी।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वनानाथ निश्चै कही वाणी, सो गुरुमुख जन लेहिं पिछाणी ॥२६॥ जोग तणा महरम लख गाया, आगम निगम यूं कह दरसाया। या विध जोग जुगत कर जोवें, सो जोगेश्वर निर्भय होवें ॥ २७ ॥ अब सुण कहूं सुन्न कि साखा, सदा सामान परमाण न जाका। अपरमाण अलोगत सोई, आद अंत जां मध्य नहिं कोई ॥२८॥ हंस जाय सुंन घर जोया, जैसे हीर हीरकूं पोया। रवि अरु बिंब सदा हैं भेला, ऐसे हुवा ब्रह्मसूं मेला ॥ २९ ॥ जीव ब्रह्म जां दूजा नाहीं, सहजे मिला सिमरथके सांई। सिमरथ सांई हैं सब मांहीं, रहता पुरुष दीसता नाहीं ॥ ३० ॥ जड चेतनमें है एक सारा, भरचा ब्रह्म नहीं कछु न्यारा। पुष्प वासना दीसत नाहीं, ऐसै ब्रह्म भरचा सब मांहीं ॥ ३१ ॥ मैं नहीं जां मैं चल आया, ऐसा खेल अधरमें पाया। नहीं जहां पिंड पवन भी नाहीं, सकल खेल दीसत मो माहीं ॥३२॥ सो दीसै सो कहिये माया, आप अरूप अथाग रहवाया। काया करम नहीं जां कर्ता, भोक्ता भोग्य नहीं जां भर्ता ॥ ३३ ॥ भेदी जके भरमगढ़ जीता, अनुभव वात अगमकी कहता। महरम विना कथो सब कोई, आप मुंवां विना मुगत न होई ॥ ३४ ॥ जीवत मुंवां मुगतमें माले, जाका वचन जुगोजुग चाले। वना-

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नाथ कही अनुभव वाणी, आसोजी कोई संत पिछाणी ॥ ३५ ॥ ब्रह्मज्ञानका निश्चा योई, यामें रती फरक नहीं कोई । पुरुषोत्तम अरु पुरुष प्रकृती, लहै मुमुक्षू याकी युक्ती॥३६॥अब आतमका भाव बताऊं, तुरीये अतीत ज्ञान दरसाऊं । जाकी जाण अपार अलागी, निज अनुभव उक्ती उर जागी ॥ ३७ ॥ आतम अज कूटस्थ अनंता, वाको आद मध्य नहिं अंता । सदा सनातन शुद्ध स्वरूपा, अनावर्त अलेप अनूपा ॥ ॥ ३८ ॥ परब्रह्म है परम प्रकाशी, जाकी सता सत्त अविनाशी । सत्ततें फुरी फोरना माया, तिण सत रज तम गुण उपजाया ॥ ३९ ॥ ब्रह्मा रजगुण किया पसारा, विष्णु सतोगुण पोखणहारा । शिव तमोगुण किया संहारा, ये तिहुंगुणका भाव विचारा ॥ ४० ॥ माया-तणी आदि नहीं कोई, अपरमाण कहीजे सोई । ब्रहमंड अनंत ज्ञान है नाना, क्रिया न्यून विशेख समाना ॥ ४१ ॥ माया सब चेतन आधारा, आतम साक्षी जाणनहारा । जो जो भाव बंधे जां संगी, आतम निरलेप अनअंगी ॥४२॥ उतपति स्थिती लय माया मांहीं, आतम उतपति थिति लय नाहीं । सदा एकरस निश्चल थाया, हाण वृद्धिमें कबहुं न आया ॥ ४३॥ आतममें मायाकी हाणी, जूं भाणूमें रात विलाणी । नित आतम निरमाया सोई, जहां मायाका लेश न कोई ॥ ४४ ॥

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पुरुष अरु पुरुषोत्तम एका, लय विक्षेप नहिं देख अदेखा । निरातंक निरवाण अथाई, आपोई आप और नहीं काई ॥ ४५ ॥ कहा अनातम परमातम तुरीये, तुरीये अतीत थ्रीय निश थ्रीये । निरातंक कहा सत असतता, वनानाथ इमतें सब सिधता ॥ ४६ ॥ ये निश्चा भाख्या निज ज्ञानी, वेदांत सिद्धांत वखानी । आदि अंत मध प्रापत सोजी, निश्चै जाण योई निरभोजी ॥ ४७ ॥ प्रथम गुरू उपासना गाई, दुतीये जोग रीत दर्शाई । तृतीये जोग अंत निरधारा, चतुरथ आतमज्ञान विचारा ॥ ४८ ॥

छंद सोरठा ।

यह चारोंकी जाण, ज्यूंहीं भाण ब्रहमंडमें । कही परतकई परमाण, सब ग्रन्थनको योहि मतो ॥ ४९ ॥

छप्पै छंद ।

गीतामैं श्रीकृष्ण कही अर्जुनकूं शिख्या, राज परीक्षित जोय ज्ञान शुकदेवसुँ लख्या । जनकराय मतिधीर मिल्या गुरु अष्टावक्रा, यदूरायकूं जुक्ति दिवी दत्तात्रय फक्रा। जीयाराम गुरु सत्त हैं, दिया सत्त उपदेश, वनानाथ परवाणा भाख्या, रती न राखी रेश ॥ ५० ॥

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दोहा छंद।

साध सती अरु सूरमा, जो जन लेसी जाण। अभिमानी उण जीवका, कबहूं न होय कल्याण ॥ ५१ ॥ परवाणा परतीत ले, समझै सुरत लगाय। वनानाथ वे प्राणियां, सहज मुकत ह्वै जाय ॥ ५२ ॥

कुंडलिया छंद।

सम्मत उगणीसै अठारवैं, सतगुरु पड़ी पिछान। तिथ तेरस थिरवारमैं, मुख भाख्या परवाण। मुख भाख्या परवाण, ज्ञान रवि जूं ही दरस्या। भरम निशा भई नाश, सत्त आतम पद परस्या। सत सतगुरु सब शिष्य है, एही गुरु शिष्य की मत। वनानाथ निश्चै भई, उगणीस्सै सम्मत ॥ ५३ ॥

इति श्रीवनानाथजी महाराजका परवाणा समाप्त।

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ॐ

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

अथ श्रीनवलनाथजीमहाराजरी वाणी प्रारंभ ।

राग सोरठ ।

फकीरी दिल विच देव दीवाण, सबका संगी लिपै न किसमैं, उनमुन आतम जाण ॥ टेर ॥ आसन पास उदास जगतसैं, छाजत चौथे पद निरवाण । रवि जिम राजत भाजत अघ तम, सो जोगी जुगत सुजाण ॥ १ ॥ साखी सरब जगतसैं न्यारा, सबकूं करत प्रमाण । चित मन बुधि प्राणका प्रेरक, इनकी करत पिछाण ॥ २ ॥ दृश्य प्रकासैं उनहि देवकर, अलख अखंडत भाण । अपणी भूल दुजा होय दरसैं, आपेई उलट समाण ॥ ३ ॥ नवलनाथ निज अदल फकीरी, दिल विचमैं दरसांण । वनानाथ सतगुरु जब परसे, तो पलमैं किया कल्याण ॥ ४ ॥ १ ॥

फकीरी कोई जन करत करूर । ब्रह्म अगनी प्रजाल प्रगटै, प्रतक आप हजूर॥टेर॥ध्यान धमण संजम सिल

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गाइ,कर छार वासना सूर। पांच विषय गुण तीन प्रकृति, भये अव डरमसि दूर॥१॥ सीपमांय ज्यूं रूपा विलांणा, यूं कीवी चिदमैंउपाधिचूर।निरावरण आतम परकास्या, नित निकलंक एक नूर ॥ २ ॥ मन पवना वाणी नहीं पहुँचै, बावन अंछर न बंधै रूप। त्रिविध ताप लिपै नहीं ताकै, ऐसा है अगम अनूप ॥ ३ ॥ ज्ञान फकीरी जाणत कोई गुरुमुख, और भरम भये भकभूर । नवलनाथ निरणै कर निरखा, गुरु वनानाथ भरपूर॥४॥२॥

फकीरी यह रमज निरंतर जाण। वेद कतेब वाणी नहीं खाणी, रहता आप अवाण॥ टेर ॥ चलै न अचल गिरै नहीं त्यागै, लीना पद निरवाण। फुरै न अफुर करै न अकरता, अलख उन्मुनी पिछाण ॥ १ ॥ सत नहीं असत दिवस नहीं रजनी, अनुभव एकरस भाण। भरम न करम अहं केई पारा, बुधकी थकत पिछाण ॥ २ ॥ दोय न एक ज्ञेय नहीं ज्ञाता, ध्येय ध्याताकी हाण । परा न अपर दृश्य नहीं द्रष्टी, आपेई-आप समाण ॥ ३ ॥ जीव ब्रह्मकी कहुँ न कलपना,कलपनहार विलाण । नवलनाथ निरंजन मिलिया, मन कीया उलट पियाण ॥ ४ ॥ ३ ॥

फकीरी या करे कोई सेर, मन कर मेर श्वास कर मणियाँ, सुरत समझकर फेर ॥ टेर ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

इड़ा पिंगला सम कर दोनूं, ज्ञान ध्यान धर हेर। श्वासा सुखमण कुंभक सगति, कर सुंन सिखरकी सेर ॥ १ ॥ मन मिल पवन शबद मिल सुरति, उलटत मूल सुमेर। सुखमण मारग मीन पपीलगत, खग ज्यूं सुरती पेर ॥ २ ॥ सुरति न नूरति रूप न मूरति, लीन भये सुंनकी ढेर। सुंनकेई पारा वो आतम न्यारा, अलख अजूणी अजेर ॥ ३ ॥ वनानाथ गुरु किरपा कर दी, ध्यान कला समसेर। नवलनाथ परमपद परस्या, काट बंधन मन केर ॥ ४ ॥ ४ ॥

फकीरी त्याग वैराग दोय धार। सरधा कर विच धार दुधारो, दुतीयाके सिर मार ॥ टेर ॥ त्याग खड़ग अरिदल परसत, जब दरसत दीदार। भागत भरम ज्यूं त्यागत संसै, यहै भसमीभूत संसार ॥ १ ॥ अगनीसैं धातु पाणीसैं कपड़ा, सब मल तजत विकार। संकलप विकलप तजत वासना, त्यूं निकसत आतम सार ॥ २ ॥ हंसा जिम खीर नीरविन गिरसत, दधि मथ घिरत निकार। जीव विवेकी पीवके प्यासै, कर ध्यान धमण एकतार ॥ ३ ॥ चक्रवरती पूरा रण जीतत कोइ सूरा, अभय त्रिभुवन करार ॥ नवलनाथ निरंजण मिलिया, वनानाथ गुरु धार ॥ ४॥ ५ ॥

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

राग परभाती ।

दुःखातीत पुरुषकी महिमा, सुण मेरा भाई । स्थित होय शुध स्वरूपमैं, गुणां रहित समाई ॥ टेर ॥ ना कुछ त्याग न संगरे, निगमा भोम वसाई । हद वेह-दके ऊपरे, सुरता जाय विलाई ॥ १ ॥ चित्त समीरके संग विना, दुतिया लहर मिटाई । अदृष्ट भई निज आतमा, दुःख न व्यापै काई ॥ २ ॥ शीत उसन कोउ ना लगै, जन्म मरण न पाई । हरष सोक कित संभवै, आपो आप भुलाई ॥ ३ ॥ महिमा करी उत्तम त्यागकी, मैं द्वंद्वातीत लखाई । वनानाथ गुरु भेटिया, नवलनाथ गम गाई ॥ ४ ॥ ६ ॥

उत्तमनाथ तुम उर धरो, उत्तम सीख सदाई । त्याग ग्रहणकै फंदमैं; कहुं सुख न पाई ॥ टेर ॥ भेद दृष्टिके लीन भयां, दिरस तुझ रूप समाई । जलहि तरंग तरंग मिलि जलहि, भेद भरम विलाई ॥ १ ॥ त्याग ग्रहणकी समरती, होय दृष्टी दिरस उपाई । भूल अविद्या जालकूं, जद किरतारथ थाई ॥ २ ॥ एक छोड़ एक झालणा, उभय आग लगाई । संकलप विकलप विषय विन, गुणा अतीत रहाई ॥ ३ ॥ द्वितिया रहित यह पंथ है, वनानाथ समझाई । शुभा-शुभसैं मुकत होय, नवलनाथ दरसाई ॥ ४ ॥ ७ ॥

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

राग एली।

पीया तुज परसणकी मुज खटक हृदे बिच खेद ॥ टेर ॥ पीयासे प्रीत पुराणी जागी, विरह करी मोय बेहाल। तोर दरस विन चैन न आवै, भया कलेजे साल ॥ १ ॥ सजनपर वारी मिलूं भरतारी, चलि दरद दिवानीं देश। निजर निहारूँ हाथ नहीं आवै, रूप विहूणो नरेस ॥ २ ॥ तुम विन रूप रूप मोय बांधी, तोय दया नहीं दिलदार। तलफ तलफ जीव जाय हमारो, पलपल करत पुकार ॥ ३ ॥ तज निज रूप अरूप होय चाली, जब पायो प्राण आधार। वनानाथ सतगुरु भल दरसे, किया नवलनाथ निसतार ॥ ४ ॥ ८ ॥

पीयाजी मेरो वसै, परासैं पार परेस ॥ टेर ॥ अगमपुरीके वीच विराजै, अजब अनोखो देश। निगम मिसाल देह विन दरसै, परसै सुरत हमेस ॥ १ ॥ पीवका नूर सूर दसुं दिसमैं, झलकै पुरंदर वेस। वादल के संग बीज मिलाणी, ज्यूं नारि मिली अमरेस ॥ २ ॥ नारि अरु पुरुष एक भये दोनूं, भेद न रया लेस। आनंदके अनुभव विलूंबी, मिटगये सकल कलेस ॥ ३ ॥ दूजी वृत्ति सबै विसराणी, भागा भरम सनेस। नवलनाथ सुरता सुलझाणी, गुरु वनानाथ उपदेस ॥ ४ ॥ ९ ॥

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पीयाजीकी सुरतसूं, तुम हम एकैई रूप ॥ टेर ॥ पीयाजी हो जिण दिन तुमसैं वीछड़ी, मैं तो फिरी अनंतां देस । सुरत न देखी सांम की, भुगते केवल कलेस ॥ १ ॥ चित चिंतामैं जल रही, पायो नहीं भरतार । जो परणी सोई मरगया, रही व्यभिचारण नार ॥ २ ॥ घर करुं मैं गिरपड़ै, मिलै वो बीछड-जाय । खिणक सुखांके कारणै, करि वादलकी छाय ॥३॥ उण दिल ऐसी ऊप जी, अमर वरुं भरतार। पीया मरै नहीं मैं मरूं, जलणो पड़ै न लार ॥ ४ ॥ फुरि जद पीवसे वीछड़ी, अफुर भई तब एक । नवलनाथ सुरता सुवागणी, गुरू वनानाथ विवेक ॥ ५ ॥ १० ॥

बंगला दवादसांपर देख, जामैं निरगुण आप अलेख ॥ टेर ॥ शम दम साध सरोदे लावो, करलो परम विवेक। सुंन घर सुरति सहज मिलावो, तो परसो पूरण एक ॥ १ ॥ उदे अस्त विच प्राणकी संधि, छिनभर सुखमण देख । आवागिवण करै न आतम, अविचल जोति सेष ॥ २ ॥ पवन पार दीदार वो बंगला, अधर अजुणी सुवेक । सुरति निरत मिलै सम पहुँचै, बंगला निरगुण नेक ॥ ३ ॥ वनानाथ सतगुरुकी किरपा, बंगलो पायो अजब अलेख । नवलनाथ ता बीच समाणा; आदि पुरुष अभेख ॥ ४ ॥ ११ ॥

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नाम रूप दोई विणसत दीसे,कुण उतरैं भवपारी। मूरख कैसी मुकति विचारी,जाको अर्थ कहो नर नारी ॥ टेर ॥ देखण सुणन कहण सब माया, मिथ्या मिरग जलधारी। सो पद जो माया विन कहिये, ज्यां नहीं गम तुम्हारी ॥ १ ॥ करे भेखसे टेक ओ विनगम, मनमैं मोह अपारी। सूरज देख आगियो उमंगे, देखो जोति हमारी ॥२॥ परचा पूछत फिरे अवरोंकूं,अपनी गति विसारी। चाबत चिणा मांगे कस्तूरी, अदभुत ये भिख्यारी॥३॥परचाही माया अपरचाही माया,निरगुण लख करतारी। चवदे लोक सिद्धाई तेरी, तृणसमान तजारी ॥४॥छोटी माया छोड़ सिद्धाई, मोटी माया बँधारी। साधू समझै काकभ्रिष्ट सम, आतमरूप लखा- री ॥ ५ ॥ साध सिद्धाई अंतरा ज्यूं, धरनसे गिगन अटारी। संत निरंतर मुक्ति समझैं,सिद्ध माया उलझारी ॥६॥ राज आदि अष्ट सिद्धि फेरी,ऋषभदेव तपधारी। निजरूप मायाके पारा, नवलनाथ सुखारी॥७॥१२॥

अवधू मैं हूं अमर अनादि सदा, जुग धरता आतम जोती नरेस। जोगी जाद आदि अविनासी, अविगत नूर परेस ॥टेर॥ हुता अचेत चेत सुध कीनी, पाया प्रकृति प्रवेस। किरियाजाल भाल भवसिंधू,मकड़ी तार बंधेस॥१॥ले वैराग राग दुख त्यागी, आपैं मांय लखे-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स । सतगुरु बूझ सूझ सुध लीनी, निज घर पायो निर-भेस ॥ २ ॥ तुरिय हजूर सूर सम दरसे, दूजा भरम न लेस । वनानाथ गुरु अगम अजूणी, नवलनाथ सोई सेस ॥ ३ ॥ १३ ॥

जिण शबदांमे ब्रह्म नहिं परचै, सो शबदही तजो प्रचारी । आतम जामें प्रतक पाइये, परचा कोण वडारी ॥टेर॥ब्रह्म प्रचै होय तो बोलो, नहीं तो चुप कर जारी। मायामयी परचा नहीं मानूं, मायाई असत असारी॥१॥ जो तूं उड़ता फिरै आकासां, जतन करी बहुभारी । पंखी आगे उड़त विन जतनां, तामें सिद्ध विचारी॥२॥ हम निरगुणके अवतारी, जिणने माया सृष्टि पसारी । आदि अंत एक ब्रह्म अखंडित, मूरख क्यूं माया उल-झारी॥३॥उतपति परचा परलय परचा, परचा थित-ये सारी । मेरा परचा इन परचोंसे न्यारा, उपजै विणसै न लिगारी॥४ ॥परचा मुकति एकधारी, जातें दुख मिटै संसारी । गुंजा गेह पारस मणि खोवै, ताकूं मूरख कहै जग सारी ॥ ५ ॥ वनानाथ गुरु केवल चेतन, परचे नवलनाथ मुरारी । एको ब्रह्म नास्ति द्वितीये, वेद सिद्धांत लखारी ॥ ६ ॥ १४ ॥

माया प्रकृति है हमारी, हम तो चेतनरूप ता पारी। शास्त्रदिष्ट विचारी साधू, मन विकलप तज भारी ॥ टेर ॥ माया मेरी सब जुग रचिया, हम ताका आधारी ।

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पांच पचीस तीन होय पसरी, हम चेतनहार द्रष्टा री ॥ १ ॥ हमहीं जीव ईश सब कलपै, हमी ब्रह्म कलपना धारी । प्रकृति पार पुरुष अविनासी, लखै जिनकी बलिहारी ॥२॥ परचा एक शबदका देखो, जामैं दरसत है दीदारी । तुम तो गुरु शबद नहीं परचो, जासुं मिटै न चौरासी थारी ॥ ३ ॥ हम तो गुरु ईश्वर एक कर मानूं, जासूं उपज्या ज्ञान भवपारी । ज्ञान दृष्टिमैं दूजा नहीं दरसै, खंडि प्रकृति सारी ॥ ४ ॥ वनानाथ गुरु अगम अजूणा, निरगुणके अवतारी । निगम अगम नेत्र कर निरख्या, नवलनाथ सोई वारी ॥५॥ १५ ॥

स्वसमवेद कोई विरला पावै, उलटा विरछा मूल समावै ॥ टेर ॥ आप अकलतै सकल पसारा, धर अंबर रचिया आकारा । पसरा विरछ फूलिया बागा । आपहि जल आप सींचण लागा ॥ १ ॥ आपहिं बीज विरछ अविनासी, आपहि जीव भये जाति चौरासी । अंछर एक अनादी देवा, तिणकर बावन अंछर भेवा ॥ २ ॥ प्रथम सहज सोहं उचारा, सहस्र दल कीया कमल पसारा । मानसरोवर हंस कहाया, मेर डंड घर राह चलाया ॥ ३ ॥ तुरिये अतीत रूप सोउ भूला, अंछर चार मिल मूल घर फूला । सहस्र विसरिया च्यार द्रिढाया, जन्म मरणके मारग धाया ॥ ४ ॥ मूल कमल तुरिय जीव सो थाया, संख

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

बंधाणा फेर वंक न पाया। सुधी राह तज वंकी लीनी, जिण कारण चौरासी चीनी ॥ ५ ॥ संख भमर एक ग्रंथी लागी, बीज जागरत अवस्था जागी। वेद अथर्व परा भई वाणी, ब्रिस जाल सत्ता लपटाणी ॥६॥ जाग्रत होय लिंग घर आया, खटदल अंछर कमल उपाया। काम कलीपर करत गुंजारा, विरमादेव रजोगुण धारा ॥ ७ ॥ उलटा उरध नाभ घर आया, दस अंछर एक कमल रचाया। सगत सुजं पश्यंती जागी, सामवेद स्वासा धुन लागी ॥ ८ ॥ पीठ कुंडली सोवत ध्याना, नील वरण सँग विष्णु बखाना। माया सगति परबल धारी। सहस्र बहोत्तर नाड़ी पसारी ॥ ९ ॥ पवनरूप सूर अभंगा, प्रलय अवसथा सुखोपति, संगा। जाग पवनसें मन सँग धाया, ह्रिदै द्वादश अंछर पाया ॥ १० ॥ मनमैं देखि मध्यमा वाणी, यजुरवेदकी कला पिछाणी। मन कला चंद महेसुरराया, संकलप डोरि सुपन दरसाया ॥ ११ ॥ द्वादश कला सूरकी छाया, मनरूप होय चंदा थाया। कंठ कमल मन मधुकर आया, षोडश दल एक कमल उपाया ॥ १२ ॥ रिगवेद वैखरी वाणी, इंद्रयां स्थूल सत्ता उलझाणी। अंछर सोलै उचरत संगा, देवी सरस्वती जाण अरधंगा ॥ १३ ॥ बैठ त्रगटी द्विदलसथाना, महा जागरत अवसथा जाना। अंछर दोय

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हंस घर माना, नैण दोय लख ज्ञान विज्ञाना ॥ १४ ॥ विक्षेप आवरण दरसै माया, चंदलोक घर रहत समाया। चरमदृष्टि देखत सथूला, लख चौरासी भुगती सूला ॥ १५ ॥ वाणी च्यार वेद सोई च्यारी, लखत भेद कोई ब्रह्म विचारी। बावन कमलदल अंछर एही, बुधिवंत सुसमवेद ईनै केही ॥ १६ ॥ तीन अवस्था माया पसारा, चतुरथ ब्रह्म सब जाणनहारा। तुरिये जाण जीवत मुकति सोई, जन्म मरण दुख भुगतै न कोई ॥१७॥ तुरये अतीतमैं वेद न वाणी, थकत भये सब वचनकी हाणी। आदि घर सो कह समझाया, जिण घर मारग हंसा आया ॥ १८ ॥ नवलनाथ अनुभव कही वाणी, उलट चलै कोई पीछा प्राणी। वनानाथ सतगुरु परवाणी, अमरलोककी लाये निसाणी ॥ १९ ॥ १६ ॥

पूरण करिये सोई नारिहै, पुरै सो पुरुष कहाय। नारि पुरुष मिल जग रचा, कहूं भेद समझाय ॥ टेर ॥ पिरथी पिरथम नारि भई, जल जाको भरतार। उभै मेल अन्न ओखदी, सब रचना आधार ॥ १ ॥ अन्न रसमई एक पुरुष भया, रज बीरज नर अरु नार। दोनूं मिल रचना शरीरकी, अन्न रस पुरुष आधार ॥ २ ॥ पवनमई एक पुरुष है, अन्न रस पुरुषके पार। सरब रसोंकूं पूरता, पवन पुरुष भज सार ॥ ३ ॥ मनोमयी एक पुरुष है, रहो

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पवन पुरुषकूं धार । ताकरि पूरण पवन होय, मन पुरुष सचियार ॥४॥ विज्ञान पुरुष ता ऊपरे, मनकूं पूरे सोय। पूरण करे विज्ञानकूं, पुरुष आनंदमय जोय ॥ ५ ॥ आनंद पुरुषका रूप है, पुरुष ही आनंद अपार। नवलनाथ परै कोई नहीं, जिण पूर्यो संसार ॥ ६ ॥ १७ ॥

नाभमैं निजार वासा, सुसमवेद उचार स्वासा। सोहं हंस मिलाय अवधू, निजरूप दरसाय भाई। सुरत शबद मिलाय ॥ १ ॥ उठत शबद अपार धारा, उरध मुख जिमि मीन पारा। स्वासोस्वास समीर सारा, छेद चक्कर होय न्यारा। अंछर अरध उजास भाई ॥ २ ॥ मणीपुर घर अखंड ऐसो, अनंत सूर उद्योत जैसो। नाड़ीचक्र जाल कैसो, तज बहत्तर हजार है सो। सब आतमको आभास भाई॥ ३ ॥चराचरमैं आप देखो, आतमा अज एक लेखो।सुसम सोहं प्रकास गुरुपद, नवल नाथ भज तास भाई। वेद सुसम संचार ॥ ४ ॥ १८ ॥

आदि एक अविचल अविनासी, दूजा किम दरसाया ॥ टेर ॥ अनंत जुगांकी मैं आगम वरणूं, जिम संत सास्तर गाया। आपोही आप पुरुष प्रभु केवल, मूल न दरसे दूजी माया ॥ १ ॥ पांच पचीस न तिरगुण हंकारा, रैणी सहजे ध्यान समाया। आप आपणी सगति चेत, चेतक दूजा दरसाया ॥२॥ अपणी सगतिमैं आप बंधाणा, प्रकृती गत आया। शुध बुध भूल

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सूल तिरये धारी, जद जीव मान भरमाया॥ ३ ॥ सुपन मांय सुपनी सम स्वामी, कर दूजा दुख पाया । स्व स्वामीभाव सगत संबंधा, विधि अनेक वणाया॥ ४ ॥ सहज समाधि भूल जग रचिया, लगी समाधि समाया । नवलनाथ आपका आपा, गुरू वनानाथ देखाया ॥ ५ ॥ १९ ॥

सुसमवेद सचियार सोजो, आतमा दिनरैण खोजो। विषयारस सिरसें त्याग बोजो, आपसे धुन लाय । अवधू आपो केवल थाय भाई ॥ टेर ॥ नाभमैं निरवाण जोवो, सुरत सुखमण वीच पोवो । योगनिद्रा अभै सोवो, अरध ऊरध मिलाय । अवधू सहज अरस समाय भाई ॥ १ ॥ विषम नाली वंक हेरो, उलट पवना पिच्छम फेरो । चूर अरिदल गिगन घेरो, सूर शशि घर लाय । अवधू दमोदम हर पाय भाई ॥ २ ॥ कर चकर सुलटा प्राण पेरो, सोहं हंस एकसार टेरो । शिखर सीधा ठाय मेरो, सगत सिव घर जाय । अवधू बहुर जन्म न आय भाई ॥ ३ ॥ प्राण तन मन सीस तेरो, चरण रहै नवलनाथ चेरो । नही बंधण करम केरो, वनानाथ गुरु ध्याय । अवधू दियो पूरण ब्रह्म दरसाय भाई॥४॥२०॥

इति श्रीनवलनाथजी महाराजरी वाणी समाप्त ।

अनुभवप्रकाश समाप्त ।

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथ

श्रीनवलनाथाष्टकप्रारंभः ।

सर्वज्ञत्वं ध्यानविचित्रं सुखकारं मायातीतं मायिविर-
क्तंशुभवेषम् । भावाभावैर्द्वैतविकारैर्गतवादं ह्युत्तमना-
थःश्रीगुरुमूर्त्तिं प्रणतोऽस्मि॥ १ ॥ज्ञातृज्ञेयज्ञानविचारे
बुधरूपं ध्यातृध्येयध्यानविचारे कृतसारम् । प्रेमानन्दं
प्रेमपयोधौ धुतदेहं ह्युत्तमनाथः श्रीगुरुमूर्त्तिं प्रणतोऽस्मि
॥२ ॥ संसारार्णवनौकारूपं जनतानां सुष्ठु वचोभिर्ज-
ननिस्तारं शोभाढ्यम् । तीर्थविराजं तीर्थीकारं मुनिवेषं
ह्युत्तमनाथःश्रीगुरुमूर्त्तिं प्रणतोऽस्मि ॥३॥ श्वासोच्छ्वासे-
रजपाजापैःस्वरलीनं योगाभ्यासे योगिविमोहं योगी-
शम् । नित्याकाशे प्रणवस्वरूपं पश्यन्तं ह्युत्तमना
थः श्रीगुरुमूर्त्तिं प्रणतोऽस्मि॥४॥योगैर्भोगैर्भोगविकारै
रहितं तं विश्वविभातं सज्जनसोमं योगाभम् । अचरच-
रेशं मुद्रावेशं नाथेशंह्युत्तमनाथःश्रीगुरुमूर्त्तिं प्रणतोऽस्मि
॥ ५ ॥ नित्याभ्यासेऽखण्डविचारं प्रथयन्तं सद्भक्तेषु
स्वात्मविवेकं कृतदेशम्।विज्ञवराणां ध्येयं गेयं हृदयस्थं
ह्युत्तमनाथःश्रीगुरुमूर्तिंप्रणतोऽस्मि॥६॥ भूमी मण्डलभू-

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

षणरूपं निष्पापं जीवोद्धारे दिक्षु चरन्तं शुकरूपम् । परमानन्देमग्नस्वान्तं गतनीडं ह्युत्तमनाथः श्रीगुरुमूर्त्तिं प्रणतोऽस्मि॥७॥चित्रविचित्रं दुर्घटबोधंविख्यातं भवभीसिंधुं दृष्ट्याशुष्कं कुर्वाणम् । वादविवादान्दूरं दूरं कथयन्तं ह्युत्तमनाथःश्रीगुरुमूर्तिं प्रणतोऽस्मि ॥ ८ ॥ ज्ञानं नित्यनिरंतरं जनमुदे संदर्शयन्स्वात्मनि सद्विद्यां रचयन्सुधारसवचोभिर्विज्ञयोगीश्वरैः । कारुण्येन कृपा रसेन जडता पंकं च संक्षालयंस्तत्सत्तत्त्वमसीतिवाक्यविभवं संलुण्ठयन्द्योतताम् ॥ ९ ॥ इदं नवलनाथानां स्वामिनामाष्टकं शुभम्॥यः पठेत्प्रयतो नित्यं स भवेद्भवबन्धहा ॥ १० ॥ ॐ तत्सत् ॥

इति उत्तमनाथकृतं श्रीनवलनाथाष्टकं समाप्तम् ।

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्रीः ।

श्रीनवलनाथजी महाराजकी स्तुति प्रारम्भ।

दोहा ।

श्री श्री श्री गणपति गुणद, आदिनाथ उर ध्याय ॥
श्री गुरु नवल जु नाथके, गुण कछु कहूं गणाय ॥१॥

सोरठा ।

अतिमनकर आनंद, जियाराम गुण नित जपूं ॥
पूरण परमानंद; वनानाथकूं विनय कर ॥ २ ॥

कवित्त ।

कैधों आज धराको सनाथ करनेके काज,
आदिनाथ शंभु निज सुरत सवारी है ।
पातंजलि बली निज योगके प्रचार हेत,
मारवार मांहिं सु प्रगट देह धारी है ॥
पापकूं पछार नर नारके उद्धार अर्थ,
गीताको स्वरूप कैधों कृष्ण ये मुरारी है ।
ऐसे नवलनाथके चरण बीच माथ नाय,
बारबार हाथ जोरि बीनती हमारी है ॥३॥
शंभुको स्वरूप सब योगिनको भूप यह,
तेज हैं अनूप जैसो मत्स्य तपधारी है ।
गोरक्ष प्रत्यक्ष मानो बैठो सभा बीच आय,

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यंत्र मंत्र तंत्रनको महा अधिकारी है ॥
बड़े बड़े भूप सो प्रगट शंभु रूप लखि,
सह ना सकत तेज जैसो तिमिरारी है ।
ऐसे नवलनाथके चरण बीच माथ नाय,
बार बार हाथ जोरि वीनती हमारी है ॥४॥
वेदनको ब्रह्मा सम जानत है भेद भेद,
खेद हरि सुखी जिन कीने नरनारी हैं ।
न्यायबीच गौतम रु सांख्यमें कपिल सम,
व्यास सो प्रकाश वेद अर्थ बीच भारी है ॥
अर्थशास्त्र माहिं मानो जैमिनी विराजे आय,
योगमें पतंजलीसो पर उपकारी है ।
ऐसे नवलनाथके चरण बीच माथ नाय,
बारबार हाथ जोरि वीनती हमारी है ॥ ५ ॥

दोहा ।

नादबिंदु ज्ञानी महा, कैधों यहै कणाद ॥
ऐसे नवलानाथकूं, रटत सकल मनुजाद ॥६॥
नमो नाथ नवपदकमल, वनानाथ सिर नाय ॥
नवलनाथ अति नवल कर, नित प्रति करहु सहाय ७॥
नवहु नाथके तेजयुत, नवलनाथ अति नूर ॥
करै गोवर्द्धन वीनती, सिद्धनके कुल सूर ॥ ८ ॥

इति पं. गोवर्द्धनशर्म्माकृत श्रीनवलनाथजी
महाराजकी स्तुति समाप्त ।

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

॥ मंगलाचरणम् ॥

॥ श्रीनाथपंचकम् ॥

अस्ति भाति प्रियत्वेन सर्वत्र संस्थितात्मने ॥
मायाभेद निरस्ताय श्रीमन्नाथाय ते नमः ॥ १ ॥
निष्कलाय निरीहाय शान्ताय परमात्मने ।
सर्वेषामादिभूताय श्रीमन्नाथाय ते नमः ॥ २ ॥
नेतिनेतीति वाक्येन वेदा यं प्रवदन्ति वै ।
अनिर्वाच्यस्वरूपाय श्रीमन्नाथाय ते नमः ॥ ३ ॥
सर्वेन्द्रियगुणैर्नित्यमप्रत्यक्षस्वरूपिणे ।
स्वानुभूत्येकगम्याय श्रीमन्नाथाय ते नमः ॥ ४ ॥
रज्जौ भुजंगवद्यस्मिन्नधिष्ठाने चिदात्मनि ।
विवर्तते जगत्सर्वं श्रीमन्नाथाय ते नमः ॥ ५ ॥
भवतापापहं पुण्यं शोभनं नाथपंचकम् ।
तेन नः प्रीयतां देवो व्यापको नाथसंज्ञकः ॥ ६ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ॐ

श्री परमात्मने नमः ।

योगेश्वर श्रीउत्तमनाथजी महाराज-कृत वाणी ।

साधो अब प्रकट्यो पूरण भाग, गुरुचरणोंमे गयो चितलाग। सतगुरु निज बिड़द संभाल, मेरा सब हर-लिया जंजाल ॥टेर॥ गुरुदेव मेरा प्राण आधारा, जिन दिया शब्द ततसार। राग द्वेष मदलोभऽहंकारा, भागा सबही विषयविकार ॥ १ ॥ भवजल अनन्त ही जानके, डर कर मैं करी है पुकार। सतगुरु सहाय करके मोकूं, तुरत किया है भवपार ॥ २ ॥ अनन्त प्रकाश कृपालु कहिये, है गुरु दातारों ही दातार। सदघन सूर उरमें ऊगो, दीवी सकल वासनाको जार ॥ ३ ॥ परमानन्द दिलहीमें पायो, देख्या है गुरुदेवका दीदार। नानाविधकी कलह कलपना, मिटी बहुत जनम की हार ॥ ४ ॥ नवलनाथ गुरु पूरण पूरा, समज्या सही ब्रह्म-विचार। उत्तमनाथ ता मांय समाया, रया नहीं है भेद लिगार ॥ ५ ॥ १ ॥

राग ।

भव तिरणेको अवसर आयो ए, बहुत जनमके पूरब पुण्यसे मानुषतन पायो ए ॥ टेर ॥

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ईश्वरकिरपा सन्त समागम, गुरु चरणोमें आयो ए॥ प्रेमके पुष्प ध्यानको धूप दे, चितचंदन चढ़ायो ए ॥१॥ शील सन्तोष अमान अहिंसा, दम दया उर लायो ए। काम क्रोध मद लोभ मोहको, खणखोज बहायो ए॥२॥ त्याग वैराग श्रद्धाको धारके, वक्र भाव हटायो ए । अनेक युगोंके मैल त्याग, ज्ञानगंगामें न्हायो ए ॥३॥ गुरुदेव पायो नहीं जबलों, बाहर धायो ए। सतगुरु शब्द सुनायके ज्ञेय ज्ञाता बतायो ए ॥ ४ ॥ नवलनाथ गुरु कृपाकरके, भ्रम मूल मिटायो ए । उत्तमनाथ स्वरूप समझके, निज निश्चल थायो ए ॥ ५ ॥ २ ॥

अब मन ममता कुं मारो ए, सकलउपाधिकोमूल जागके, अहंता टारो ए ॥ टेर ॥ सरब स्वरूप एक अखंडी, न कोई भेद विकारो ए॥ जाते नाम रूप सब दीसे, कल्पित संसारो ए ॥ १ ॥ एकाग्रह मन बुद्धिकुं करके, गुरु शब्द विचारो ए । शब्द विचार समज दिलमें, निज रूप निहारो ए ॥ २ ॥ स नहीं इदं गुप्त नहीं चौड़, नहीं अन्तर बारो ए। भोक्ता भोग्य प्रेरकता न जामें, सो पद निश्चय धारो ए ॥ ३ ॥ नवलनाथ गुरु दया करके , दियो शब्द इसारो ए । उत्तमनाथ समझ कर सही, हुओ भव पारो ए ॥ ४ ॥ ३ ॥

अब मन गोविन्द गुण गावो ए, ऐसी रमज समज से ही जोवो परम पद पावो ए ॥ टेर ॥ लघु मृदु रिजु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ही होयके, सत्संगमें ही नहावो ए। मान गुमान मद मत्सर सब दूर बहाओ ए ॥ १ ॥ सुर दुरलभ ये नरतन पायके बिरथा न गमावो ए। स्वासो स्वास शिव सिमरके जग जीत ही जावो ए ॥ २ ॥ थल जल अनल अनिल नभमें कर ब्रह्मही भावो ए ॥ द्वैत भरम काम करम सब अविद्या कुं ढावौ ए ॥ ३ ॥ नवलनाथ गुरु शब्द सुणायो जामें लिव लाओ ए। उत्तमनाथ सोइ समझके, भव भाव मिटावो ए॥ ४ ॥ ४ ॥

फकीरी फिकर देवै सब खोय, विषयानन्द अभिलाष त्यागके निजानन्द निश्चयही होय ॥ टेर ॥ वेद पुराण दधि कुं मथके लियो है सार निचोय। किरिया करम असार समझके फेर नहीं बोझो ढोय ॥ १ ॥ अनघ अलेप असंगी विचरे, सदा रहे निरमोय ॥ शम दम श्रद्धा तितिक्षा करके, सुरत शब्दमें पोय ॥२॥ नाम रूप सब छोड़ उपाधी, भरम रखे नहीं कोय। अचल अखंड अनन्तप्रकाशी, सत् चित आनंद जोय ३। निस वासर निरन्तर होयके, निजमें लगावै लोय। उत्तमनाथ फकर है सोई, रहे सम दृष्टी में सोय॥४॥५॥

फकीरी काम क्रोधकुं मार, पूजा लोभ रु गौरव गुमाना तन अभिमान विडार ॥ टेर ॥ आसा पतनि मम सुत त्यागो, चिंत बांधव बिसार ॥ मोह मंदिर अरु करम खजाना, इनकुं देवो जार ॥१॥

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

द्वैतबुद्धिकुं त्याग परेरी, नाम रु रूप विसार ॥
अपणा आप अरूप अनामी, नहिं कोई आर न पार॥२॥
चित चेत्य दृश्य अनातम, येही है झूठ विकार ॥
अचेत्य चेत आनन्दस्वरूपी, सत ही चेतक सार ॥३॥
चेत अचेत कह्यो नहीं जावै, नहिं कोई दृश्य दीदार ।
उत्तमनाथ अचल अखंडी, आपोई निश्चय धार॥४॥६॥

हेली ।

जग छीलरियेने छोडिए, सुख सागरमें नहाय ॥टेर॥
दृश्य जालमें भरमके, अब नहीं खता ही खाय ॥
सतगुरु दीनदयाल है, जिन दिया राह बताय ॥ १ ॥
सकल शिरोमणि नाम है, सोहं शब्द दरसाय ॥
शब्द पकड़के पूगिए, क्षर अक्षरकूं ही ढाय ॥ २ ॥
असुर स्वभावोंको मेटिए, दैवी सम्पद उर लाय ॥
विषयानन्दकुं ही त्यागिए, चिद्घन चेतन चाय ॥३॥
तम रज सत्वके ऊपरे, भरियो है आनन्द अथाय ॥
मगमें अरिदल जोर है, मार गोविन्द गुण गाय ॥४॥
अक्षय अमर निज:धाम है, तहां विरला हरिजन जाय ॥
भरम मिटै सब वासना, पुनर धरै नहीं काय ॥ ५ ॥
नवलनाथ गुरुदेवने, पूरण पद परसाय ॥
उत्तमनाथ वहां पहुंचिया, फिर वह पीछा नहीं आय६॥७

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हेली।

जगकी कथा सब छोड़के,गुरुमहिमाकुं ही गाय॥टेर॥
निज स्वरूपको ही जोइए, त्याग विषयकी चाय॥
आप उलटके आपमें, आपे आप समाय॥ १ ॥
राग द्वेष मद लोभकूं, ज्ञान-अगनसूं जलाय।
भांग भवकी भरमना देखो आनन्द अथाय॥ २॥
तोय दृष्टिमें नहीं तरंग है, यूं चिद्में नहीं करम न काय।
नाम रूप व्यभिचारमें, अनुगत एक ही दरसाय॥३॥
नवलनाथ गुरु पूरणरूप है सत चित आनन्द अमाय।
उत्तमनाथ ता बीचमें सदा रहो लिवलाय॥ ४ ॥८॥

मनरे गोविन्दगुण क्यों नहीं गावै। मानुष जनम मिल्यो पुण्य पुंजसे अवसर गयो फेर नहीं आवे॥ टेर॥ विषयलम्पट दीन आतुरा है जाको जायके क्यूं तू दांत दिखावै। जो प्रभु सकल जगतकूं पालै ताकूं तू बारबार क्यूं विसरावै ॥ १ ॥ कुटिल अधम पापी ही कहिये, जिनकूं हरि चर्चा नहीं भावैं। जिनके पुण्य पुरबले प्रकटे निरन्तर नाम नीरमेंही नहावै। नाम जहाजमें बैठके समझसे नाम अरथमें ही जाय समावै। आवागमन होवै नहीं तुम्हारी,पुरुषारथ सब विध ही पावै ॥ ३ ॥ ओ संसार भ्रम जल है भारी, जामें तूं फिर फिर गोता ही खावै॥ जे गरु खेवट शरणमें जावै कह उत्तम तुमको पार पहुंचावै ॥ ४ ॥ ९ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मंगल ।

सुरती करत पुकार बैरो नहीं होय रे,मुसाफिर झटके जाग रहो मत सोय रे ॥ १ ॥ सूतां तव जावे ही दाव आवै नहीं कोयरे, फिर लख चौरासी जूण फिरेगा ही रोय रे ॥ २ ॥ जगत जंजाल है झूठ रहो मत मोय रे, गुरुके शरणमें जाय निजानन्द जोयरे॥३॥परमानन्द परकासमें लगाओ ही लोय रे, उत्तमनाथ ही समझ भरमकूं खोय रे ॥ ४ ॥ १० ॥

रेखता ।

निजानन्दमें सोई जन छकिया, निरंतर अहं ब्रह्म यूं बकिया । बहुत जनमका पुण्य पकिया, छोड़्या महल माल मंढी तकिया । नाम रूप सच्चिदानन्दे लै किया । रह्या नहीं भरम सब अकिया ॥ १ ॥ कब्र-जमें किया है मन नटिया, जगख्यालका उठा दिया अटिया ॥ विषय वासमें ही नहीं दटिया, आठो याम सोहं सोहं ही रटिया ॥२॥ गुरु मिल्या सही सौदा ही पटिया, भागा सबही रिपूदल डकिया ॥ जाका भया है काम सब नकिया,देख्या है दीदारही बिन ढकिया॥३॥ ज्ञानी कबहूँ जगमें नहीं लचिया, परमानन्द प्रेममें ही

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मचिया ॥ मिल्या नवलनाथ गुरु सचिया, उत्तम पद सबमें ही जचिया ॥ ४ ॥ ११ ॥

गुरुचरणोंमें रखो चित गोई ॥ टेर ॥ तू नहीं किसका तेरा नहीं कोई, काम्यकर्म बोझ मत ढोई ॥ दुरमति कर देखो मत दोई, आतम अद्वय अखंड है योई ॥ १ ॥ समझ तू निज स्वरूपको जोई, हाड मांस तू चरम नहीं लोई ॥ पुण्य पाप सुख दुःख न कोई, आपो भूल तू आप क्यों रोई ॥ २ ॥ तेरी भूल मूल अविद्या है योई, तेरे बिना सिद्ध ही नहीं होई ॥ दृश्य सब तुमहीमें पोई, स्वप्नीमें स्वप्न ज्यूं होई ॥३॥ छोड़ कल्पना होय निरमोई; आगम निगमको सार निचोई ॥ नवलनाथ गुरु सेन पजोई, उत्तम सत आनन्द है सोई ॥ ४ ॥ १२ ॥

समजरे मन मैलापन धोय। धोयों बिना भय ना मिटै थारो भव तिरणो नहीं होय ॥ टेर ॥ या जग आडम्बर ख्यालमें रे, भूल रहो मत मोय ॥ आयो अवसर जावसी पीछे नेण गमावोला रोय ॥ १ ॥ काम क्रोध दंभ लोभ मोहमें रे फँस रहे सब कोय॥विषयानन्दकुं ही मान के वे फिर फिर बोझो ढोय ॥२॥ कग बक स्वभाव ही त्यागिये रे, हंसगत हालो

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जोय॥हंस होय हीरा चूणलो थे गुरु गम गाढी गोय॥३॥ नरतन पदारथ पायके रे वृथा अब मत खोय ॥ सुरती कहे ये पुकारके अब चेत चेत मत सोय ॥४॥ नवलनाथ गुरु यूं कह्यो रे जगदीश सबमें जोय ॥ उत्तमनाथ सो समजके अब समदृष्टी शीतल होय ॥ ५ ॥ १३ ॥

इति श्रीउत्तमनाथजी कृत वाणी समाप्त ।

पुस्तक मिलनेका ठिकाना–

१ श्रीनवलनाथेश्वरजीका मंदिर

ठि० सोजातिये दरवाजेके बाहिर

मु० जोधपुर.

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

T

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri